

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -67 जबलपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में उठा ईव्हीएम का मुद्दा, खड़गे बोले

# भाजपा सरकार विपक्ष को बोलने नहीं देती



अहमदाबाद(आरएनएस)। कांग्रेस अहमदाबाद में दो दिवसीय सीडब्ल्यूसी बैठक कर रही है। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ़ अपना अभियान तेज़ कर दिया है। अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं विफल हैं क्योंकि बेरोज़गारी का मुद्दा अभी भी बड़ा बना हुआ है। देश में ख़तरा यह है कि पूरे भारत में बेरोज़गारी बहुत यादा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री देश के ग़रीबों के बारे में नहीं सोच रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी देश की अखंडता की रक्षा करेगी और सभी समाजों के कल्याण के लिए काम करेगी।

खड़गे मे आगे कहा कि पूरी दुनिया के विकसित देश ईव्हीएम को छोड़कर बैलेट पेपर की तरफ चले गए हैं। दुनिया में तमाम देश का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, लेकिन हम ईव्हीएम पर निर्भर हैं। ये सब फ्रॉड है। सरकार ने ऐसे तरीके ईजाद कर लिए हैं, जिससे सिर्फ उन्हें ही फायदा मिल रहा है, लेकिन आने वाले समय में देश के नौजवान उठ खड़े होंगे और कहेंगे कि हमें ईव्हीएम नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच है कि न किसी को हिमालय की चोटी पर बैठाना है और न किसी को पाताल में धकेलना है। ये गांधी जी के शब्द हैं और इस बात को आज मैं इसलिए दोहरा रहा हूं, क्योंकि आज देश में हालात ऐसे हैं, जहां गरीब और अमीर के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सांप्रदायिक संस्थाओं, उनके जहरीले सिद्धांतों तथा कामों का सही उत्तर ये होगा कि कांग्रेस प्रबल जनमत तैयार करे ताकि वे प्रभावहीन हो जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्ष में सत्ताधारी दल संविधान पर चोट कर रहा है। हमारे संवैधानिक मूल्यों, संवैधानिक प्रावधानों, संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार हमला हो रहा है और इसको रोकना जरूरी है। हाल में हुए संसद के बजट सत्र में सरकार ने मनमाने तरीके से सदन चलाया। सदन में नेता विपक्ष राहुल गांधी जी को बोलने नहीं दिया गया। लोकतंत्र में यह लज्जा की बात है। ये दिखाता है कि मौजूदा सरकार किस मानसिकता के साथ चल रही है, इसलिए हमें आवाज उठाना जरूरी है, क्योंकि आज जो हो रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ।

खड़गे ने दावा किया कि जन सरोकार के जरूरी मुद्दों पर बहस करने के बजाय सरकार सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए रात के तीन-चार बजे तक संसद में बहस कराती रही और मणिपुर जैसे मुद्दे पर रात के साढ़े चार बजे बहस शुरू होती है। हमने हमेशा मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा करनी चाही, लेकिन कभी भी सरकार इसके लिए नहीं मानी। इसका मतलब है कि सरकार जनता से अपनी नाकामी छिपाना चाहती है। जब देश के लोग सो रहे थे, तब कई महत्वपूर्ण बिल आधी रात को सदन में लाए गए। यह सरकार आहिस्ता-आहिस्ता लोकतंत्र को खत्म कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि देश की अर्थव्यवस्था में मोनोपॉली स्थापित की जा रही है। सार्वजनिक संपत्तियों को धीरे-धीरे निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। ईव्हीएम बेचकर लाखों सरकारी नौकरियों को खत्म कर वर्ग के आरक्षण पर चोट की जा रही है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा बनी अखाड़ा, भाजपा नेताओं से भिड़ंत में कांच के मेज पर गिरे आप विधायक



श्रीनगर. (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर की विधानसभा उस समय अखाड़े का मैदान बन गई जब विधायक आपस में ही भिड़ गए. डोडा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के एकमात्र विधायक मेहराज मलिक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों के बीच विधानसभा परिसर में तीखी बहस के बाद मारपीट की नौबत आ गई.

दरअसल, विधानसभा में वक्फ संशोधन अधिनियम पर चर्चा की मांग की गई, जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ. इस बीच बीजेपी विधायकों और आम आदमी पार्टी के एकमात्र विधायक मेहराज मलिक के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली. साथ ही साथ मलिक ने पीडीपी पर गद्दारी करने के आरोप लगाए हैं. हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही तीन घंटे के लिए स्थगित कर दी गई. विधानसभा के अंदर आप विधायक मेहराज मलिक ने पीडीपी के नेता वहीद पारा से कहा कि तुमने बीजेपी के साथ मिलकर गद्दारी की है. सदन में हंगामे के बाद बीजेपी विधायक विक्रम रंधावा ने आप विधायक मेहराज मलिक के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, उन्होंने हिंदुओं को गाली दी है. हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे. उन्होंने कहा है कि हिंदू तिलक लगाने का पाप करता है. हम उन्हें जवाब देंगे.

दरअसल, मेहराज मलिक ने पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद को गद्दार कहा और पीडीपी और भाजपा पर मिलीभगत का आरोप लगाया. मलिक के इस बयान से पीडीपी कार्यकर्ता और नेता भड़क गए और विधानसभा परिसर में जमकर बहस हुई. धक्का-मुक्की और झड़प में मलिक कांच की मेज पर गिर गए. सुरक्षा कर्मियों ने मौके पर हस्तक्षेप कर हालात को संभाला. मलिक ने जब भाजपा नेताओं पर हमला बोला तो वहां मौजूद भाजपा विधायक विक्रम रंधावा, युधवीर सेठी, आरएस पठानिया, अरविंद गुप्ता और सतीश शर्मा भड़क गए. दोनों पक्षों में तीखी बहस के बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया. इस दौरान मेहराज मलिक एक कांच की टेबल पर गिर पड़े, जिससे हलचल मच गई. विधानसभा के सुरक्षा कर्मचारियों ने उन्हें किसी तरह वहां से हटाया.

## रतलाम के जावरा में बर्फ फैक्ट्री से रिसी अमोनिया गैस, सीएसपी के माता-पिता सहित कई की तबीयत बिगड़ी



रतलाम (आरएनएस)। मंगलवार रात जावरा शहर के आईटीसी कंपाउंड स्थित पोरवाल आइस फैक्टरी में अमोनिया गैस का रिसाव होने से हड़कंप मच गया। पास में ही पुलिस लाइन स्थित होने से गैस से सबसे ज्यादा इसी क्षेत्र के लोग प्रभावित हुए। मौके पर पुलिस प्रशासन के अमले ने पानी का छिड़काव करवाकर स्थिति नियंत्रित की और फैक्ट्री संचालक को बुलवाकर रिसाव बंद करवाया। मंगलवार रात 11 बजे बर्फ फैक्ट्री में रखे 50 किलो के अमोनिया गैस के टैंक का एक बोल्ट ढीला होने से गैस रिसने लगी। आंखों में जलन व सांस लेने में तकलीफ होने की शिकायत पर लोगों को गैस रिसाव का पता चला। फैक्टरी के पीछे पुलिस लाइन में सीएसपी दुर्गेश आर्मो का बंगला है। गैस रिसाव से उनके पिता हुकुम सिंह आर्मो और मां लता की भी तबीयत खराब हो गई। छोटे भाई प्रशांत आर्मो से सूचना मिलने पर वह बंगले पहुंचे और माता-पिता को सर्किट हाउस में शिफ्ट किया।

इसके बाद एसडीएम त्रिलोचन गौड़, एसडीओपी संदीप मालवीय, तहसीलदार संदीप इवने, थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह जादौन सहित अन्य अमला फैक्ट्री पहुंचा और वहां काम कर रहे आठ मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला।

इस बीच गैस रिसाव का असर कम करने के लिए पानी का छिड़काव भी शुरू करवा दिया गया।

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच उधमपुर में मुठभेड़, 2-3 आतंकियों के फंसे होने की आशंका

उधमपुर-(आरएनएस)। एक बार फिर से जम्मू-कश्मीर में आतंकियों और सुरक्षा बल के बीच मुठभेड़ शुरू हुई है। कठुआ-आर एस पुरा और पूंछ के बाद इस बार आतंकियों का निशाना उधमपुर था। जहां आतंकी छुपे हुए थे। रक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया और तीन आतंकियों को फंसा लिया है। उधमपुर पुलिस ने एक्स पर कहा, पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान, उधमपुर के रामनगर थाना क्षेत्र के जोफर गांव में आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया। डीआईजी उधमपुर-रियासी रेंज रईस मोहम्मद भट ने कहा कि कम से कम दो से तीन आतंकवादी फंस गए हैं। उन्होंने कहा, गोलीबारी जारी है। उधमपुर जिले के रामनगर के मार्टा गांव में सुरक्षा बलों और संदिग्ध आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है।

### बिहार में आकाशीय बिजली गिरने से गई 9 लोगों की जान

पटना. बिहार में मौसम के अचानक बदल जाने से कई जिलों में बारिश और वज्रपात हुआ है. वहीं आकाशीय बिजली की चपेट में आने से विभिन्न जिलों में नौ लोगों की मौत हो गई है. इसमें बेगूसराय, मधुबनी, दरभंगा और नवादा जिला शामिल हैं. बेगूसराय जिले में आकाशीय बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई. बलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भगतपुर पंचायत में एक व्यक्ति की जान चली गई और उसकी पत्नी घायल हो गई. वहीं, साहेबपुरकमाल के सनहा नवटोलिया की एक अधेड़ महिला इंदिरा देवी की भी आकाशीय बिजली से मौत की सूचना है.

## मुख्यमंत्री मोहन यादव को आया गुस्सा... बोले- इतना बड़ा ग्लोबल स्किल पार्क बनाया, सीटें खाली हैं



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार, 9 अप्रैल 2025 को तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग की समीक्षा बैठक में ग्लोबल स्किल पार्क में खाली सीटों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट युवाओं को कौशल और रोजगार देने के लिए बनाया गया था, लेकिन अपेक्षित प्रगति नहीं दिख रही। मुख्यमंत्री ने स्किल पार्क की ब्रांड वैल्यू बढ़ाने और सभी सीटें भरने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल स्किल पार्क की ब्रांड वैल्यू को स्थापित करते हुए यहाँ की सभी सीटें भरना सुनिश्चित किया जाएं। स्किल पार्क में संचालित सभी तकनीकी पाठ्यक्रमों, उनकी उपयोगिता और रोजगारपरक क्षमता पर केंद्रित प्रचार-प्रसार अभियान का संचालन व्यापक स्तर पर किया जाए। प्रदेश में विद्यमान उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के हर विकासखंड में आईटीआई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय स्तर पर विद्यमान औद्योगिक इकाइयों के समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं। इससे युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग की समीक्षा में यह निर्देश दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अनूपपुर में बस की टक्कर से ऑटो रिक्शा के उड़े परखच्चे, अंदर बैठे तीन लोगों की मौत और पांच घायल



अनूपपुर(आरएनएस)। बुधवार को स्टेट हाईवे अमरकंटक मार्ग में किरार घाटी के पहले सजहा के पास एक यात्री बस ने सवारी बैठे एक ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिला और एक पुरुष शामिल हैं। पांच घायलों को जिला अस्पताल अनूपपुर में उपचार हेतु भेजा गया है। जानकारी अनुसार शहडोल से डिंडोरी जा रही बस क्रमांक एमपी 18 जेड एफ 9786 जैसे ही सजहा गांव के समीप पर मोड़ पर पहुंची सामने से आ रहे ऑटो क्रमांक एमपी 65 जेड बी 3401 से टकरा गई। घटना इतनी भीषण थी की ऑटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। मौके पर ही ऑटो में सवार तीन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में मोहवती पती जगन्नाथ सिंह 40 वर्ष, रामकुमार पिता दशरथ सिंह 40 वर्ष और सूरजवती पति सुरेश सिंह 40 वर्ष शामिल हैं।

## अमेरिका से भारत लाया जा रहा 26/11 मुंबई हमलों का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा... दिल्ली-मुंबई की जेलों में तैयारी तेज



वाशिंगटन (आरएनएस)। मुंबई आतंकी हमलों के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। भारतीय जांच एजेंसियों के अधिकारी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी करके विमान के जरिए नई दिल्ली आ रहे हैं। गुरुवार सुबह यह विमान भारत पहुंचेगा। अब तक की जानकारी के मुताबिक, तहव्वुर राणा को शुरू में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की कस्टडी में दिल्ली में रखा जाएगा। इसके बाद मुंबई की आर्थर रोड जेल में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

आधिकारिक जानकारी नहीं है, लेकिन कहा जा रहा है कि आर्थर रोड जेल में तहव्वुर राणा को उसी बैरक में रखा जाएगा, जिसमें कभी आतंकी अजमल आमिर कसाब को रखा गया था। बाद में कोर्ट के आदेश के अनुसार कसाब को फांसी दी सजा दे दी गई थी। तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण भारत सरकार की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। इससे 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के अन्य दोषियों को सजा दिलाना आसान होगा। तहव्वुर राणा के लिए दिल्ली और मुंबई में तैयारी की जा रही है।दिल्ली और मुंबई की जेलों में बढ़ाई गई सुरक्षा अमेरिकी अदालत की सिफारिशों के अनुसार दिल्ली और मुंबई की दो जेलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। भारत में लैंड होने पर राणा को पूछताछ और जांच के शुरुआती हफ्तों के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में रखा जाएगा। राणा के प्रत्यर्पण पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ-साथ एनआईए और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की नजर है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी राणा को आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (स्द्गञ्ज) का सक्रिय सदस्य माना जाता है। उसने डेविड कोलमैन हेडली (उर्फ दाऊद गिलानी) की भारत यात्रा के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हेडली पाकिस्तान मूल का अमेरिकी नागरिक है, जिसने मुंबई में रेकी की थी। बाद में इन ठिकानों पर लश्कर के आतंकवादियों ने हमला किया था। कथित तौर पर राणा 11 से 21 नवंबर 2008 के बीच दुबई के रास्ते खुद मुंबई गया था। माना जाता है कि पवई में होटल रेनेसां में ठहरने के दौरान उसने हमलों की तैयारी की थी। 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमलों में 170 से ज्यादा लोग मारे गए थे। अब तक हमलों के लिए केवल एक आतंकवादी अजमल कसाब को दोषी ठहराया गया है, जिसे जिंदा पकड़ लिया

## बंगाल में नहीं लागू होगा वक्फ संशोधन कानून, सीएम ममता बनर्जी का ऐलान



नई दिल्ली-(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा। कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह अल्पसंख्यक लोगों और उनकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। उन्होंने कहा कि मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं। भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे कोई बांटकर राज कर सके। आप संदेश देते हैं कि सभी को एक साथ रहना है।

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो बनर्जी ने लोगों से अपील की कि वे उन लोगों की बातों पर ध्यान न दें जो उन्हें राजनीतिक आंदोलन शुरू करने के लिए उकसाते हैं। मंगलवार को मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर हुई हिंसा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, बांग्लादेश के सीमावर्ती इलाकों में स्थिति देखिए। इसे (वक्फ विधेयक) अभी पारित नहीं किया जाना चाहिए था। बंगाल में 33 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। मैं उनके साथ क्या करूंगी? वक्फ (संशोधन) विधेयक को लोकसभा ने 3 अप्रैल को पारित किया था, और संसद के दोनों सदनों में मैराथन बहस के बाद अगले दिन तड़के राज्यसभा ने भी इसे पारित कर दिया।

## तहव्वुर राणा और पाकिस्तान पर जयशंकर का बड़ा बयान, टेररिज्म इंडस्ट्री शुरू करोगे तो खुद भस्म हो जाओ



नई दिल्ली-(आरएनएस)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान पर देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आप आतंकवाद का उद्योग शुरू करेंगे तो आप उसमें समा जाएंगे। दिल्ली में राइजिंग भारत शिखर सम्मेलन में बोलते हुए जयशंकर ने बलूचिस्तान मुद्दे पर टिप्पणी की और कहा कि वहां लोग पीड़ित हैं, लेकिन अगर मैं कुछ भी कहूंगा तो उंगली उठाई जाएगी। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने कई मौकों पर दावा किया है कि यह भारत है जो देश में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और बलूचिस्तान और दक्षिण एशियाई देशों को अस्थिर कर रहा है। बलूचिस्तान क्षेत्र में ट्रेन अपहरण की घटना सहित उसकी धरती पर कई हमले हुए हैं, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए थे।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने के अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। सीएनएन न्यूज 18 राइजिंग भारत समिट 2025 में बात करते हुए उन्होंने कहा, तहव्वुर राणा के मुद्दे पर मैं कुछ भी नया नहीं कह सकता। जाहिर है, हम अमेरिकी कानूनी प्रक्रिया के फैसले का स्वागत करते हैं। राणा को अगले 24 या 48 घंटों में भारत प्रत्यर्पित किए जाने की संभावना है और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) उसके पहुंचने पर उसे हिरासत में ले लेगी। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) के सुप्रीम कोर्ट ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा की भारत को प्रत्यर्पण पर रोक लगाने

## टीका राम जूली के मंदिर जाने पर शुद्धिकरण से फंसी भाजपा, राहुल ने बताया दलित विरोधी, ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी ने किया निलंबित



जयपुर. (आरएनएस)।राजस्थान में बीजेपी से निलंबित नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा अलवर के एक मंदिर में विपक्ष के नेता टीकाराम जूली के जाने के बाद गंगाजल से धोने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. इसको लेकर बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर दलित विरोधी मानसिकता रखने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि यह बीजेपी की दलित विरोधी और मनुवादी सोच का एक और उदाहरण है. इसलिए संविधान का सम्मान और रक्षा करना जरूरी है.

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखते हुए कहा कि बीजेपी की दलित विरोधी और मनुवादी सोच का एक और उदाहरण, बीजेपी लगातार दलितों को अपमानित और संविधान पर आक्रमण करती आ रही है. इसलिए संविधान का सिर्फ सम्मान नहीं, उसकी सुरक्षा भी ज़रूरी है. मोदी जी, देश संविधान और उसके आदर्शों से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं जो बहुजनों को दूसरे दर्जे का नागरिक मानती है.

बताते चलें कि रामनवमी के दिन अलवर की एक सोसायटी स्थित श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हुआ था. इस कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी शामिल हुए और मंदिर में पूजा-अर्चना की. लेकिन, अगले ही दिन ज्ञानदेव आहूजा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि ऐसे लोगों को बुलाया गया जिन्होंने भगवान श्रीराम के अस्तित्व को ही नकारा है.

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के नेता राम मंदिर का बहिष्कार करते हैं, इसलिए उनके नेताओं को मंदिर में आने का नैतिक अधिकार नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर में अपवित्र लोग आ गए थे, इसलिए हमने गंगाजल से शुद्धिकरण किया है. हालांकि उन्होंने जूली का नाम नहीं लिया, पर उनके बयान को जातीय द्वेषता से जोड़कर देखा गया. इसके चलते भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा कदम उठाते हुए उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है. भाजपा प्रदेश संगठन ने ज्ञानदेव आहूजा को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी की मूल विचारधारा और अनुशासन का उल्लंघन किया है.

भाजपा नेता ज्ञान देव आहूजा की ओर से नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली पर की गई टिप्पणी के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी साफ कर दिया है कि आहूजा के बयान से उनका कोई लेना देना नहीं है. भाजपा ऐसे बयान को समर्थन नहीं देती है. उन्होंने कहा कि जुली साहब तो नेता हैं और नेता की कोई जाति नहीं होती है. उन्होंने कहा कि मैंने फोन पर ज्ञानदेव आहूजा से बात की उन्होंने किस प्रसंग में ये बयान क्यों दिया समझ नहीं आया.




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बेलबाग में श्रीमती सन्नो विश्वकर्मा उम्र 42 वर्ष निवासी कात्यानी माता मंदिर के पास फूटाताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति राजेश विश्वकर्मा आये दिन घरेलू बातों को लेकर उससे झगड़ा विवाद करते हैं पूर्व में भी उससे कई बार विवाद किये थे शराब के नशे में उससे झगड़ा किये थे इसी बात को लेकर आज सुबह लगभग 9 बजे पुनः उसके साथ गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट कर उसके गाल, नाक, गले में चोट पहुॅचा दिये तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

**आज संभाग क्रमांक 3 और 13 के वार्डो का निगमायुक्त ने किया आकस्मिक निरीक्षण -शेष संभागों के स्वच्छता निरीक्षकों को भी सफाई में कोताही न बरतने दी हिदायत**

# निर्धारित समय पर हो शहर की बीटवार सफाई - निगमायुक्त प्रीति यादव

**स्वच्छता अभियान को लेकर निगमायुक्त प्रीति यादव का नजरिया सख्त-निगमायुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान सफाई संरक्षकों की उपस्थिति की जॉच भी की गयी**





**कचरा कलेक्शन गाड़ियों को ऊपर से कवर करने एवं जिंगल चालू करने के लिए भी निगमायुक्त ने सभी मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को दिये सख्त निर्देश**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर की सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता अभियान को लेकर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव का नजरिया आज निरीक्षण के दौरान बहुत ही सख्त दिखाई दिया। निगमायुक्त ने सभी स्वास्थ्य अमले को सख्त लहजे में निर्धारित समय पर बीटवार सफाई कराने के साथ-साथ कचरा गाड़ियों को ऊपर से कबर्ड रखने और सभी गाड़ियों में जिंगल बजाने तथा समग्र ई-केव्हाईसी का प्रचार-प्रसार करने सख्त निर्देश दिये।

सुबह-सुबह सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के समय निगमायुक्त ने देखा कि तीन पत्ती से लेकर शास्त्री ब्रिज एवं भंवरताल के चारों तरफ काफी देर से झाड़ू लगाई जा रही थी एवं चाय की दुकानों के आस-पास गंदगी फैली हुई थी। जिस पर निगमायुक्त श्रीमती यादव ने मुख्य स्वच्छता निरीक्षक को समक्ष में बुलाकर सही समय पर सफाई कराने और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने आज सुबह-सुबह शास्त्री ब्रिज से लेकर रामपुर क्षेत्र में खुद जाकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के अवसर पर निगमायुक्त ने मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों से सफाई संरक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली और शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के मौके पर निगमायुक्त ने नाला-नालियों की सफाई भी देखी एवं सभी नालों को कवर्ड रखने निर्देश दिए।

इसके उपरांत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लगे वाहनों का भी निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जायजा लिया। उन्होंने कचरा वाहन संचालक से कचरा गाड़ी को ऊपर से कवर करने तथा हर गली मोहल्ले में जिंगल बजाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कचरा गाड़ी में जिंगल बजना चाहिए और गाड़ी को ऊपर से कवर होना चाहिए।

**पमरे के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव**

# बांद्रा टर्मिनस-बनारस-बांद्रा टर्मिनस के मध्य चलेगी अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 09029/09030 बांद्रा टर्मिनस-बनारस-बांद्रा टर्मिनस के मध्य 12-12 ट्रिप अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन पमरे के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस गाड़ी में 20 सामान्य श्रेणी, 01 जनरेटर कार एवं 01 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

गाड़ी संख्या 09029 बांद्रा टर्मिनस से बनारस अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 10 अप्रैल 2025 से 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से भोर 04:30 बजे प्रस्थान कर, इटारसी सायं 18:15 बजे, पिपरिया 19:16 बजे, नरसिंहपुर रात 20:22 बजे, मदनमहल रात 21:55 बजे, कटनी 23:25 बजे पहुँचकर अगले दिन सतना मध्यरात्रि 00:50 बजे और दूसरे दिन सुबह 07:00 बजे बनारस स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09030 बनारस से बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 11 अप्रैल 2025 से 27 जून 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को बनारस स्टेशन से सुबह 09:00 बजे प्रस्थान कर, सतना दोपहर 14:30 बजे, कटनी 15:55 बजे, मदनमहल सायं 17:10 बजे, नरसिंहपुर 18:40 बजे, पिपरिया रात 20:00 बजे, इटारसी रात्रि 21:30 बजे पहुंचकर और दूसरे दिन दोपहर 12:15 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी के ठहराव:- यह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, भेस्तान, चलथान, नंदुरबार, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं वाराणसी स्टेशनों पर रुकेगी।

रेल यात्रियों से अनुरोध है कि समर स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन वेबसाइड प्राप्त कर सकते हैं।

# मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना हनुमानताल मे रात्रि शहराज खान उम्र 24 वर्ष निवासी नवाम्बे स्कूल के पास कटरा अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ई रिक्शा चलाता है दिनांक 7-4-25 को रात लगभग 9-30 बजे वह ई रिक्शा लेकर मोहरिया मरघटाई के पास पहुॅचा वहां फ्हीम मिला जो शराब पीने के लिये बोलने लगा, उसने शराब पीने से मना किया तो फ्हीम उससे शराब पीने के लिये 900 रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो फ्हीम चाकू से हमलाकर उसकी जांघ में चोट पहुॅचाते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# पुरी, गंगासागर के साथ 02 ज्योतिर्लिंग यात्रा के लिए रवाना होगी आईआरसीटीसी की भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो दिनांक 27.05.2025 को इंदौर शहर से पुरी, गंगासागर के साथ 02 ज्योतिर्लिंग (बाबा बैद्यनाथ एवं काशी विश्वनाथ) यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 09 रातें/10 दिनों की इस यात्रा में पुरी, गंगासागर, गया, वाराणसी एवं अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को रु. 17,600/- प्रति व्यक्ति (स्रु- इकॉनामी श्रेणी), रु. 28,500/- प्रति व्यक्ति (3ष्ट - स्टैण्डर्ड श्रेणी) एवं रु. 37,500/- प्रति व्यक्ति (2ष्ट - कम्फर्ट श्रेणी) किराया देना होगा।

आईआरसीटीसी,इस सर्व समावेशी टूर की पेशकश कर रहा है,जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा,ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन,सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक?त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा,यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था,यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स,यात्रा बीमा,ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है।

इक्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट 222.द्बह्म्ष्द्बह्म्ष्ह्लशह्वह्म्द्बह्यद्व.ष्शद्व पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## सड़क दुर्घटना

जबलपुर- थाना पनागर में आशीष बेन उम्र 26 वर्ष निवासी बड़ा पत्थर रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है आत वह एवं उसका दोस्त साहिल तथा साहिल की बुआ नीलम राजपूत एवं उसका चचेरा भाई हम सभी मजदूरी करने आटो से पनागर आये थे प्रताप धर्मकांटा के पास उतरकर पैदल पनागर की ओर जा रहे थे लगभग 8-15 बजे पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम एल 3128 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये चचेरे भाई सोनू बेन, नीलम राजपूत को टक्कर मार दिया जिससे दोनों को हाथपैर एवं शरीर में चोटें आयीं है।

**इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि, मिष्ठान वितरण कर बांटी स्थापना दिवस की खुशियां**

# एनएसयूआई ने धूमधाम से मनाया 55वां स्थापना दिवस

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (ह्स्ह्) जबलपुर द्वारा संगठन के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर सिविक सेंटर स्थित पार्क में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ह्स्ह् कार्यकर्ताओं ने संगठन की संस्थापक, भारत की पूर्व प्रधानमंत्री व 'आयरन लेडी' कही जाने वाली स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम में ह्स्ह् जबलपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष सागर शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के ऐतिहासिक निर्णयों, उनके सशक्त नेतृत्व, तथा छात्र राजनीति को मजबूत करने की दिशा में उनके योगदानों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचारधारा की प्रतीक थीं, जिन्होंने ह्स्ह् की स्थापना कर छात्र शक्ति को संगठित करने का मार्ग प्रशस्त किया।

कार्यक्रम में संगठन की उपलब्धियों और छात्र हितों के लिए किए गए संघर्षों पर भी प्रकाश डाला गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि ह्स्ह् अपने मूल्यों पर अडिग रहते हुए शिक्षा, बेरोजगारी और छात्रों की अन्य समस्याओं को लेकर संघर्ष जारी रखेगा। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मिष्ठान वितरण कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं और संगठन के गौरवशाली इतिहास को साझा करते हुए युवा साथियों में ऊर्जा का संचार किया गया। इस अवसर पर अनुराग शुक्ला,शफी खान,प्रदेश सचिव अदनान अंसारी, प्रतीक गौतम, सक्षम यादव,अंकित शुक्ला, निखिल वंशकार, एश्वर्य नायर, हेमंत द्विवेदी,राज वंशकार,सौर्यम चौधरी,युग ठाकुर,सोनू मौर्य सहित बड़ी संख्या में ह्स्ह् कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भारत रत्न स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और ह्स्ह् को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया गया।

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में एम.पी. ट्रांसको के नेटवर्क का उल्लेखनीय विस्तार

जबलपुर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने ट्रांसमिशन नेटवर्क (पारेषण प्रणाली) को सुदृढता प्रदान करते हुये सिस्टम में उल्लेखनीय विस्तार किया है। कंपनी ने 456 सर्किट कि.मी. की नई एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइनों का निर्माण कर उन्हें ऊर्जीकृत किया है, इससे मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की ट्रांसमिशन लाइनें बढ़कर 42520 सर्किट कि.मी. की हो गई है। इस दरम्यान स्थापित ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी (स्थापित क्षमता) में भी पर्याप्त वृद्धि हुई है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024 की समाप्ति में जहां 79815 एम.व्ही.ए. की कुल ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी (स्थापित क्षमता) थी वह अब मार्च 2025 की स्थिति में बढ़कर 81911 एम.व्ही.ए. की हो गई है। उन्होंने जानकारी दी कि इस वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त क्षमता वृद्धि के लिए एम.पी. ट्रांसको में कुल 46 नये पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किये गए हैं। श्री तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश में इस समय एम.पी. ट्रांसकों अपने 417 एकस्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है जिसमें 400 के.व्ही. के 14 सबस्टेशन, 220 के.व्ही. के 88 एवं 132 के.व्ही. के 315 सबस्टेशन क्रियाशील है।

# मध्य प्रदेश विद्युत महिला मंडल की अध्यक्षा डॉक्टर अंजना तिवारी ने प्रस्तुत किया वार्षिक प्रतिवेदन





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश विद्युत महिला मंडल रामपुर जबलपुर में गत दिवस वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें महिला मंडल की सभी पदाधिकारी एवं सदस्य बहनें शामिल हुई। इस अवसर पर सदस्य बहनों ने विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन प्रस्तुत किया, जिसमें हास्य कविताएं, नाटक, नृत्य आदि की प्रस्तुतियां शामिल थी। महिला मंडल की अध्यक्षा डॉक्टर श्रीमती अंजना तिवारी ने महिला मंडल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए पिछले वर्ष की गतिविधियों का संपूर्ण विवरण दिया । उन्होंने महिला मंडल के उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिला मंडल की सचिव श्रीमती कविता निगम, कोषाध्यक्ष श्रीमती सीमा खरे, सह सचिव डॉक्टर श्रीमती ज्योति परवार, बालक मंदिर कमेटी से श्रीमती प्रतिभा पटेल ,श्रीमती प्रतिभा पाणी, श्रीमती सुजाता सिंह, पालना घर कमेटी से श्रीमती वंदना गायकवाड और किरण द्विवेदी उपस्थित रही।

# ड्रोन से नरवाई प्रबंधन का नवाचार



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। -कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में एवं कृषि विभाग के माध्यम से ग्राम बीकानेर में कृषक श्री सत्येंद्र साहू के यहां पर ड्रोन के माध्यम से डीकंपोजर बायोडायवटर जवाहर तरल जब जैव विघटक-एक का छिड़काव प्रबंधन के लिए किया गया। इस डी-कंपोजर को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय द्वारा मनाया गया है। इस दौरान कृषि अभियांत्रिकी अधिकारी ने बताया कि नरवाई जलाने की कुप्रथा एक मुख्य समस्या है जो वातावरण के साथ-साथ में मृदा के स्वास्थ्य को भी खराब कर रही है। मिट्टी के सूक्ष्मजीव खत्म हो रहे हैं और उर्वरा शक्ति काम हो रही है। अतः ड्रोन के माध्यरम से नरवाई प्रबंधन एक बेहतर विकल्प् है। ड्रोन के द्वारा डी कंपोजर के माध्यम से नरवाई प्रबंधन करने में एक एकड़ में सिर्फ 5 से 7 मिनट का समय ही लगेगा एवं 15 से 20 दिनों में नरवाई खाद के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। जिससे मिट्टी में कार्बन प्रतिशत, सूक्ष्म जीवों की संख्या में वृद्धि होगी मिट्टी की कठोरता कम होगी, जिससे उर्वरा शक्ति बढ़ेगी तथा उत्पादन भी बढ़ेगा।

# भीषण गर्मी को देखते हुए NSUI के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट विराज यादव ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को पत्र लिखकर स्कूलों में अवकाश की मांग की

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए NSUI के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट विराज यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन को चिट्ठी भेजते हुए यह मांग की है कि प्रदेशभर के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में तत्काल प्रभाव से अवकाश घोषित किया जाए।

यादव ने लिखा कि वर्तमान में प्रदेश का तापमान लगातार 43एष्ट से ऊपर बना हुआ है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन बच्चे सुबह 6 बजे ही घर से निकल जाते हैं और शाम 6 बजे तक घर पहुंचते हैं, जिससे उन्हें 12 घंटे इस भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

विराज यादव ने प्रमुख समस्याएं सामने रखीं, जिनमें शामिल हैं:

1. टिफिन खराब होने से फूड पॉइज़निंग के बढ़ते मामले
2. डिहाइड्रेशन, चक्कर आना और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं
3. अस्पतालों में बच्चों की संख्या बढ़ने से भीड़ की स्थिति
4. विद्यालयों में पंखे और कूलर होने के बावजूद तापमान नियंत्रण में न आना
5. दूर-दराज़ से आने वाले बच्चों को यात्रा के दौरान भारी परेशानी

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जहाँ संभव हो वहाँ ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएं, और सभी स्कूलों को शुद्ध पेयजल, पंखे, कूलर एवं स्वास्थ्य शिविरों की अनिवार्य व्यवस्था करने के निर्देश दिए जाएं। ह्स्ह् के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट विराज यादव ने प्रदेश सरकार से अपील की कि बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए और जल्द से जल्द विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियों की घोषणा की जाए।

# पनागर मे जल गंगा संवर्धन अभियान संगोष्ठी जागरुकता रैली का आयोजन




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फूटाताल,एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम परामर्शदाता के द्वारा आज जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन जागरूकता रैली,पोस्टर निबंध लेखन संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन ग्राम कुशनेर में किया गया है

जिसमें उपस्थित युवाओं एवं ग्राम वासियों को जल संरक्षण के विषय मे संगोष्ठी के माध्यम से जानकारी दी गई एवं ग्राम में जन जागरूकता रैली निकाल करके सभी को जल ही जीवन,जल है तो कल है का संदेश दिया गया हैं साथ ही उपस्थित जनो को जल शपथ दिलाई गई कार्यक्रम के पश्चात विजयी प्रतिभागियों को प्रसंशा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है कार्यक्रम में नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी पारस दाहिया,परामर्शदाता मनोज प्रजापति,प्राथमिक शाला संकुल प्राचार्य जे एस मार्को शिक्षक अरविंद शर्मा, भदौरिया जी , सीएमसीएलडीपी के छात्र दीक्षा पटेल,राजेश सोनी,हर्ष गोस्वामी,अंकित पटेल,चांदनी चौधरी,आदर्श सेन के साथ छात्र छात्राओ एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे !



भोपाल - जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह ने कहा है कि कम रिजल्ट देने वाले शिक्षकों के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बच्चों के परीक्षा में प्राप्तांकों का प्रतिशत यदि 50 प्रतिशत से कम रहता है तो ऐसे प्रिंसिपल और ऐसे शिक्षकों को उस विद्यालय में रहने का कोई अधिकारी नहीं है उनका स्थानांतरण तुरंत किया जाए। बच्चों के भविष्य के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि अधिकारियों को मोटीवेशनल होना चाहिए।

जबलपुर दिन गुरूवार 10 अप्रैल 2025 | दैनिक क्षितिज किरण | 3

जून 2025 तक सभी समितियों का ऑडिट सुनिश्चित किया जाए-मुख्यमंत्री ने दिसम्बर 2025 तक सभी समितियों का कम्प्यूटराईजेशन करने के दिए निर्देश

# सहकारी समितियों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक- मुख्यमंत्री डॉ.यादव

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सहकारी समितियों की साख और जन सामान्य में उनके प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए समितियों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। अतः सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कार्यों का शत प्रतिशत कम्प्यूटराईजेशन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जून 2025 तक समितियों का ऑडिट पूर्ण कर कृषकों को लेन-देन की सूचना एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराने और इस वर्ष के अंत अर्थात दिसम्बर 2025 तक सभी समितियों के कार्यों का कम्प्यूटराईजेशन सु?निश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में हुई सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देशित कर रहे थे। बैठक में सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री अशोक वर्णवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अल्पसेवित पंचायतों की पहचान कर नवीन सहकारी समितियों के गठन के लिए प्राथमिकता पर कार्यवाही की जाए। वर्तमान परिदृश्य और आवश्यकताओं को देखते हुए अधिक से अधिक समितियों में पारंपरिक गतिविधियों के साथ-साथ कॉमन सर्विस सेंटर, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, जन औषधि केंद्र, जल कर वसूली केंद्र और एग्री ड्रोन संचालन जैसी गतिविधियां चलाई जाएं। इसके साथ ही को-ऑपरेटिव- पब्लिक- प्राइवेट- पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के माध्यम से सहकारी-सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी से सहकारी समितियों को व्यवसाय के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारिता में नवाचार करते हुए ड्रिप एरीगेशन, ग्रेडिंग-सार्टिंग और पैकेजिंग, जंगल सफारी, गेस्ट हाउस और खाद्य प्र-संस्करण जैसी गतिविधियां को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जनकारी दी गई कि वर्ष 2024-25 में 35 लाख 3 हजार कृषकों कों 21 हजार 232 करोड़ रुपए का फसल ऋण वितरित किया गया, जो गत वर्ष की तुलना में 1286 करोड़ रुपए अधिक है। प्रदेश के आठ आकांक्षी जिलों क्रमशः खण्डवा, बड़वानी, गुना, राजगढ़, विदिशा, दमोह, छतरपुर और सिंगरौली में आगामी पांच वर्ष 6710 करोड़ रुपए का ऋण वितरण का लक्ष्य है। प्रदेश के 13 आकांक्षी विकास खण्डों में विभिन्न गतिविधियों पर आधारित 26 सहकारी समितियां गठित की गई हैं। जिला बैंकों और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में आईबीपीएस मुम्बई के माध्यम से अधिकारियों और समिति प्रबंधकों की नियुक्ति प्रक्रिया के अंतर्गत 36 अधिकारियों और 1358 समिति प्रबंधकों की नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है।

# सुरक्षित, स्वच्छ और मानक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध- राज्य मंत्री पटेल

सीईएस एनालिटिकल एंड रिसर्च लेबोरेट्री का किया निरीक्षण



भोपाल (आरएनएस) लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य मंत्री श्री पटेल ने भोपाल स्थित सीईएस एनालिटिकल एंड रिसर्च लेबोरेट्री का निरीक्षण किया। यह प्रयोगशाला मध्यप्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अंतर्गत अनुबंधित है, जहाँ खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विविध प्रकार के वैज्ञानिक परीक्षण किए जाते हैं। राज्य मंत्री श्री पटेल ने प्रयोगशाला की कार्यप्रणाली, परीक्षण प्रक्रियाओं, उपकरणों और गुणवत्ता मानकों की विस्तृत जानकारी ली तथा बेहतर पारदर्शिता, कार्यक्षमता और सटीक परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रयोगशाला में कार्यरत रसायन वैज्ञानिकों एवं विश्लेषकों से संवाद कर राज्य में खाद्य सुरक्षा की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और सुधार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। राज्य मंत्री श्री पटेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रयोगशाला में सभी परीक्षण कार्य निर्धारित समय-सीमा और मानकों के अनुरूप निष्पादित किए जाएं।

# म.प्र. में नशा मुक्ति, भिक्षावृति उन्मूलन के लिये प्रयास है जारी-मंत्री कुशवाह



भोपाल-(आरएनएस) सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देहरादून (उत्तराखण्ड) में दो दिवसीय भिक्षावृति, ट्रांसजेंडर व्यक्ति एवं नशा मुक्ति चिंतन शिविर में शामिल हुए।

चिंतन शिविर केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। शिविर में सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के राज्यमंत्री द्वय श्री रामदास अठावले और श्री बीएल वर्मा तथा प्रदेश की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर सहित देश के अन्य प्रदेशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मंत्री श्री कुशवाह ने चिंतन शिविर में मध्यप्रदेश में नशामुक्ति अभियान, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों तथा भिक्षावृति उन्मूलन के क्षेत्र में किये गये प्रयासों के संबंध में बताया। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि देश को भिक्षामुक्त बनाने के लिये केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, जिला प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट, शहरी स्थानीय निकाय एवं विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वित कार्यवाही कर भिक्षावृति में लिप्त व्यक्तियों का पुनर्वास कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे है इसी कड़ी में प्रदेश के 7 धार्मिक, पर्यटन एवं ऐतिहासिक शहर-भोपाल, इन्दौर, उज्जैन, जबलपुर, खण्डवा (ओंकारेश्वर), रतलाम एवं छतरपुर (खजुराहो) में स्माईल भिक्षावृति योजना प्रारंभ की गई है।

जल संसाधन मंत्री ने तीखड नर्मदापुरम में किया पंप हाउस का भूमि-पूजन-पौधरोपण कर दिया पर्यावरण-संरक्षण का संदेश

# जल है तो कल है, हर व्यक्ति प्रति दिन एक घण्टे श्रमदान करें- जल संसाधन मंत्री सिलावट

भोपाल (आरएनएस) जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट ने मंगलवार को नर्मदापुरम जिले के केसला विकासखंड के ग्राम पंचायत तीखड में झाड़ बीडा उद्वहन सिंचाई परियोजना के पंप हाउस क्रमांक 2 के अंतर्गत 4 पंपों का भूमि- पूजन किया। ग्राम तीखड में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री सिलावट ने पौध-रोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया। झाड़ बीडा सिंचाई परियोजना से 79 गांव के 19 हजार 858 किसान लाभान्वित होंगे। परियोजना की सिंचाई क्षमता 15 हजार 610 हैक्टेयर तक की है, जिसे 177, 58 करोड़ की लागत से निर्मित किया जाएगा।

मंत्री श्री सिलावट ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जल है तो कल है, जल से ही प्रगति है। जल है तो अन्नदाता किसानों का विकास भी है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा जल का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। पहले जब हम कहीं जाते थे तब अपने आस-पास तालाब, बावडी, कुंओं एवं नालों को जल से लबालब देखा करते थे। यदि हमने आज जल का संरक्षण एवं संवर्धन नहीं किया तो आने वाली पीढ़ी हमे मांफ नहीं करेगी। विकास और प्रगति की बुनियाद जल है। मंत्री श्री सिलावट ने सभी से आहवान किया कि अपने जीवन का प्रतिदिन एक घण्टा किसी भी तालाब, बावडी, नदी एवं नालों पर श्रम दान कर बिताएं।



मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि वर्ष 2003 में मध्यप्रदेश में 07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती थी। अब शासन ने इसे बढाकर 50 लाख हैक्टेयर कर दिया है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि आगामी 02 साल में इसे बढाकर 65 लाख हैक्टेयर एवं 05 साल में 1 लाख करोड हैक्टेयर तक कर दिया जाएगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने नदी जोडने का सपना देखा था।

उस सपने को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे है। वर्ष 2047 तक भारत एवं मध्यप्रदेश विकसित राष्ट्र एवं राज्य की श्रेणी में आ जाएगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि पहले लोग एक एक बूंद पानी को तरसते थे, लेकिन आज शासन ने सिंचाई सुविधाओं का बहुत विस्तार किया है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जहां पर जल होगा पर्यटन भी होगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि हरदा एवं नर्मदापुरम जिले के 82 हजार हैक्टेयर के क्षेत्र में तवा नहर से मूंग फसल के लिए पानी दिया जाता है। मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि जितनी भी कच्ची नहरें है, उन्हें पक्की एवं दुरस्त करने के लिए प्रस्ताव भिजवाएं।


## पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिये प्रदेश के प्रत्येक जिले में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र शुरू किए जाए

**राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के चिंतन शिविर में दिए सुझाव**

भोपाल(आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंखयक कल्याण राज्यमंत्री( स्वतंत्र प्रभार)श्रीमती कृष्णा गौर ने प्रदेश के सभी जिलों में पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र शुरू करने की बात कही। इन परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राएं राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और मेडिकल एवं अभियांत्रिकी सहित अन्य पाठयक्रम में प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे ।उन्होंने पिछड़ा वर्ग की छात्रवृत्ति की राशि में बढ़ोतरी करने को भी कहा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अपने सुझावों पर चिंतन शिविर में उपस्थित केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (एसजेएंडई) डॉ. वीरेंद्र कुमार और राज्य मंत्री श्री बी.एल. वर्मा का ध्यान आकृष्ट कराया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर 2025 को मंगलवार 8 अप्रैल को संबोधित कर रही थीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि चिंतन शिविर के आयोजन में देशभर के राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने सामाजिक न्याय, समावेशन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया है।

जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का एक दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित

# जल स्त्रोतों और नदियों के उद्गम स्थलों का संरक्षण आवश्यक- मंत्री पटेल



भोपाल (आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि जलगंगा संवर्धन अभियान में अंतर्गत पारंपरिक जल स्त्रोतों की पहचान कर उनके पुनर्जीवन के लिए पूर्व प्रयास करें। इस अभियान में मनरेगा योजना और ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि शहरीकरण की ओर बढ़ती ग्राम पंचायतों के लिए योजनाओं में लचीलापन हो और जमीनी हकीकत के अनुसार नीतियों में बदलाव किया जाए। मंत्री श्री पटेल ने मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के प्रशिक्षण सह कार्यशाला (ओरियंटेशन कार्यक्रम) को संबोधित किया। इस अवसर पर अपर सचिव श्री दिनेश जैन, सीईओ एसआरएलएम श्रीमती हर्षिका सिंह, सीईओ आरआरडीए श्री दीपक आर्य, आयुक्त मनरेगा श्री अवि प्रसाद सहित जिला पंचायत सीईओ और जनपद पंचायत सीईओ उपस्थित थे।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जल स्त्रोतों और नदियों के उदगम स्थलों के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए इन स्त्रोतों का संरक्षण आवश्यक। सभी जनपद स्तर के अधिकारी इस दिशा में विशेष कार्य करें। उन्होंने बताया कि नरसिंहपुर जिले में मां नर्मदा के तटों की सफाई के लिए अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार जिला स्तर पर उन्होंने नदियों से तटों की सफाई के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के भौगोलिक चुनौतियां का अध्ययन भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महानगरों के समीप स्थित ग्राम एवं जनपद पंचायतों को सेमी अर्बन मॉडल पर विकसित किया जाएगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि विगत दिनों आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अच्छे परिणाम संवाद के रूप में सामने आए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण एवं कार्यशाला में अपनी पूर्ण तैयारी के साथ आएं। हम अपने क्षेत्र के विकास के लिए अच्छे कार्य करें। उन्होंने कहा कि पंचायत और जनपद स्तर पर विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति पर गहन चिंतन करते हुए सभी अधिकारी आत्ममूल्यांकन करें कि क्या वे अपने कार्यों से संतुष्ट हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला पाए हैं।

## 2 लाख 47 हजार 377 किसानों से 21 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूँ खरीदी-खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल (आरएनएस) खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक 2 लाख 47 हजार 377 किसानों से 21 लाख 36 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक लगभग 4000 करोड़ रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। किसान गेहूँ उपार्जन के लिये 9 अप्रैल तक पंजीयन करा सकते हैं। प्रदेश में अभी तक जिला उज्जैन में 3 लाख 22 हजार 237, सीहोर में 3 लाख 46 हजार 973, देवास में 1 लाख 50 हजार 514, शाजापुर में 1 लाख 63 हजार 112, इंदौर में 1 लाख 15 हजार 427, भोपाल में 1 लाख 59 हजार 745, राजगढ़ में 1 लाख 27 हजार 499, मंदसौर 75 हजार 992, आगर मालवा में 73 हजार 77, धार में 50 हजार 443, विदिशा में 1 लाख 42 हजार 240, हरदा में 50 हजार 110, खण्डवा में 26 हजार 392, रतलाम में 36 हजार 831, नीमच में 12 हजार 869, नर्मदापुरम में 35 हजार 561, झाबुआ में 9003, रायसेन में 88

## भोपाल से देश को गौरव दिलाने वाले अधिकारी, मगर चंद भ्रष्टाचारी बदनाम कर रहे हैं पूरा सिस्टम: समाजसेवियों की गंभीर चिंता

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल सहित देशभर में कार्यरत अधिकांश डॉक्टर, पुलिसकर्मी, रेलवे व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी अपने उत्कृष्ट कार्यों और ईमानदारी के लिए देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। इनकी वजह से न सिर्फ मध्यप्रदेश बल्कि सम्पूर्ण भारत गौरव की अनुभूति करता है। मगर कुछ गिनती के लोग—जिनकी संख्या 10त्न से भी कम मानी जा रही है—अपने निजी स्वार्थ, पक्षपात और भ्रष्टाचार से पूरे सरकारी तंत्र को बदनाम करने में लगे हैं।

समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि यदि सरकार ठान ले, तो इन 0त्न से 10त्न लापरवाह और भ्रष्ट कर्मचारियों पर सख्ती से अंकुश लगाया जा सकता है। पुलिस विभाग की बात करें तो मात्र 5त्न पुलिसकर्मी ऐसे हैं जो झूठी शिकायतों में व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते आम नागरिकों को फँसाकर झूठे केस दर्ज करते हैं। समाजसेवियों का मानना है कि अधिकांश पुलिसकर्मी राष्ट्र की सेवा में ईमानदारी से जुटे हुए हैं, परंतु कुछेक की हरकतों से पूरे विभाग की छवि धूमिल होती है। कुछ मामलों में आरोप लगाया गया है कि उच्च अधिकारियों या नेताओं की सिफारिशों का हवाला देकर बेगुनाहों को झूठे मामलों में फँसाया जा रहा है। रेलवे, स्वास्थ्य, और नगर निगम जैसे विभागों में भी कुछ भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा ईमानदारों को बदनाम करने, बाहर की दवाइयाँ लिखवाकर गरीब मरीजों का शोषण करने और योजनाबद्ध रूप से भ्रष्टाचार फैलाने के आरोप सामने आए हैं। कटारा हिल्स, कोलार और शाहपुर थानों पर विशेष रूप से सवाल उठाए गए हैं। समाजसेवियों ने मांग की है कि इन थानों के पिछले 5 वर्षों के रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच कर यह सामने लाया जाए कि कितने बेगुनाहों को गलत तरीके से जेल भेजा गया है। भोपाल की जेल व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। शिकायतें हैं कि कागजों पर भले ही व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त दिखाई देती हों, लेकिन हकीकत में कैदियों को समय पर पानी, भोजन और मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलतीं। यह भी कहा जा रहा है कि कुछ अधिकारी जेल के अंदर भी भेदभाव और अत्याचार में लिप्त हैं। समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मानवाधिकार आयोग से निवेदन किया है कि इस पूरे विषय पर निष्पक्ष राष्ट्रीय स्तर की जांच कराई जाए। जिससे न सिर्फ ईमानदार अधिकारियों की गरिमा बनी रहे बल्कि जो कुछ गिनती के भ्रष्ट लोग पूरे सिस्टम को बदनाम कर रहे हैं, उन पर सख्त कार्रवाई हो सके।

# स्वास्थ्य संस्थाओं में उपकरण और मानव संसाधन की उपलब्धता समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाये- उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल -(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए स्वास्थ्य संस्थाओं में उपकरण की उपलब्धता और मानव संसाधन की नियुक्ति समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी, सुलभ एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने फार्मासिस्ट ग्रेड-2, नेत्र सहायक एवं ओ.टी. टेक्नीशियन के पदों की समयबद्ध भर्ती के लिए आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिये। साथ ही नर्सिंग पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया कर्मचारी चयन मंडल (ई.एस.बी.) के माध्यम से भी प्रारंभ किए जाने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अनमोल 2.0 पोर्टल के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अनमोल पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की डाटा एंट्री, फॉलोअप और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया सुनिश्चित होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह पोर्टल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के साथ-साथ मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। चिकित्सा महाविद्यालयों में कैथ लैब और कैंसर केयर ब्लॉक की स्थापना के लिए करें आवश्यक कार्यवाही उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने समस्त चिकित्सा महाविद्यालयों में कैथ लैब और कैंसर केयर ब्लॉक की स्थापना के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक में डायलिसिस यूनिट एवं ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गंभीर बीमारी की स्थिति में नवीन स्थानांतरण नीति के तहत अनुमोदन उपरांत आवश्यक आदेश जारी करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ऑनलाईन स्थानांतरण पोर्टल (ई-एचआरएमएस) की समीक्षा की और 10 दिवस के भीतर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कैबिनेट अनुमोदन के लंबित प्रस्तावों की समीक्षा की। जिनमें सतना मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्वीकृति, नवीन जिलों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सी.एम.एच.ओ.) कार्यालय की स्थापना, रीवा एवं इंदौर मेडिकल कॉलेज के उन्नयन के प्रस्ताव सम्मिलित हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने श्योपुर एवं सिंगरौली मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षकों की नियुक्ति, फर्नीचर, उपकरण की व्यवस्था समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे आगामी ऐकडेमिक सत्र से इनका संचालन प्रारम्भ किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नवीन आईपीएचएस मानकों के अनुसार प्रत्येक जिला चिकित्सालय में फॉरेंसिक विशेषज्ञ की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। पूर्व की स्वास्थ्य निवेश नीति से संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के साथ-साथ नवीन स्वास्थ्य निवेश नीति के तहत॰, क्ल एवं ष्ट श्रेणीकरण कर प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी प्राथमिकता से करने को कहा।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार में, अब वाले श्रृंगार ने तो मानों दाँतों तले अँगुलि दबाने को विवश कर दिया था। कारण कि भगवान शंकर ने अपनी छाती पर एक माला पहन रखी है। वह माला न तो कोई स्वर्ण धातु से बनी है, और न ही पुष्प इत्यादि की। जी हाँ! वह माला बनी है 'नरमुण्डों' की। खोपड़ियों को एक सूत्र में बाँध कर गले में लटका दिया है। जिसे शिवगण बड़े रौब से माला की संज्ञा दे रहे हैं। भला ऐसी भी माला की कल्पना किसी ने की होगी? यह तो बुद्धि की सीमा से परे सकी बात हो गई।



## मोदी और संघ की मुलाकात

नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के 11 साल बाद पहली बार नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय पहुंचने के कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। मोदी के पहले अटल बिहारी वाजपेयी ने साल 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल में संघ मुख्यालय का दौरा किया था। मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल में संघ मुख्यालय गए। स्वाभाविक तौर पर मोदी ने संघ के साथ अपने अटूट संबंधों की जुगाली की। उन्होंने 'माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर' की आधारशिला रखने के बाद कहा कि, 'संघ भारत की अमर संस्कृति और आधुनिक अक्षयवट है, जिसके आदर्श और सिद्धांत राष्ट्रीय चेतना की रक्षा करना है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह (संघ) देश की चेतना को ऊर्जा प्रदान करता है।' हालांकि मोदी के नागपुर जाने और संघ प्रमुख सहित अन्य पदाधिकारियों से मिलने को विपक्ष भले मुद्दा बनाने की कोशिश में है, मगर भाजपा के नेताओं का वहां जाना कतई गलत नहीं माना जा सकता है। संघ से पीएम मोदी का दिलों का रिश्ता है, ये दशकों पुराना है. ये सफर 1972 में शुरू हुआ था। 1972 में नरेन्द्र मोदी संघ में शामिल हुए थे। प्रचारक बने, फिर के जरिए भाजपा में एंट्री हुई। गुजरात में संगठन की जिम्मेदारी मिली। 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने। संघ का उन्हें मजबूत समर्थन मिला। बहरहाल, मोदी के इस दौरे को भाजपा के नये अध्यक्ष के चुनाव को लेकर विचार-मंथन के तौर पर भी देखा जा रहा है। हालांकि खुद प्रधानमंत्री इस साल सितम्बर में 75 वर्ष के हो जाएंगे। स्वाभाविक है कि उनकी उम्र और भाजपा के उम्र संबंधी नियम-कायदों का भी उनके दौरे में चिंतन-मनन होगा। 2024 में संपन्न हुए लोक सभा चुनाव में मोदी का मैजिक नहीं चल सका।


**( 10 अप्रैल महावीर जयंती पर विशेष )**

## विश्व बंधुत्व का संदेश हैं भगवान महावीर के सिद्धांत

भगवान महावीर ने अपने सिद्धांतों में जीवनादर्श को प्रश्रय दिया, जैन धर्म महावीर के काल से सर्वाधिक प्रासंगिक व प्रचलित माना जाता है। अन्याय ,असत्य ,हिंसा की कड़कती बिजलियों के मध्य अहिंसा के सूर्य ने दस्तक दी ,अपनी तप्त रश्मियों से विश्व शांति, अहिंसा ,मैत्री का प्रकाश फैलाकर तमाच्छादित वसुधा को आलोकित कर दिया ,युग - युग से अभिशप्त धरा को पावनता का वरदान मिला ,गगनचुंबी शिखरों से अहिंसा परमो धर्मकी भावभीनी स्वर लहरिया गूँजकर सुख -शांति की निर्झरणी बहाने लगी ,जियो और जीने दो का शंखनाद करने वाले इस महामानव का नाम था महावीर। महावीर का धर्म जोड़ना सिखाता है ,वह आत्मा की प्रयोगशाला में अनुसंधान करके ही किसी तथ्य को स्वीकार करता है। महावीर भारतीय समाज व्यवस्था की उस घड़ी में अवतरित हुए जब समाज व संप्रदाय हिंसा के दौर से गुजर रहे थे। अश्वमेध ,नरमेध की बलि बेदी पर संहार राजघराने के राजकुमार वर्धमान को सहन नहीं हुआ, तब महावीर अहिंसा को आत्म कल्याण का हेतु बनाकर,अरबों की संपत्ति त्याग कर, प्राणी जगत का कल्याण करने निकल पड़े। अहिंसा- अहिंसा का अर्थ है क्षमा ,शांति, प्रेम पूर्वक रहना । महावीर ने विश्व मैत्री व मानवता का संदेश दिया जिसकी वर्तमान में बहुत आवश्यकता है। आज मनुष्य जरा सी बात पर हत्या जैसे जघन्य अपराध से भी नहीं डरता तभी तो भगवान महावीर ने कहा अपने प्राणों के समान सभी के प्राणों को समझ कर उनकी रक्षा करो यही अहिंसा है उन्होंने अहिंसा को तप और साधना कहा अहिंसा का यह तत्व सह अस्तित्व की नूतन सामाजिक विचारधारा का सोपान है ,जिस पर पारस्परिक निर्भरता के साथ व्यक्ति, समाज और राष्ट्र विकसित होता है जियो और जीने दो

भगवान महावीर कहते थे मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है परमाणु शक्ति से ज्यादा कारगर मन की शक्ति होती है संग्राम में विजयी योद्धा सच्चा विजयी नहीं है जो स्वयं पर विजय पाता है वह परम विजयी है-

सादा जीवन, उच्च विचार
विनय नम्रता का श्रृंगार
जियो और जीने दो नारा
होवे जीवन का आधार।



बारह वर्ष के कठोर तपश्चरण उपरांत करुणामयी वाणी से उन्होंने जन चेतना को जागृत कर समाज में फैली हिंसा, अराजकता, अधर्म के विरुद्ध ऐसा वातावरण बनाया जिससे लोगों का हृदय परिवर्तित होने लगा। अनेकांत- उस समय की निराधार मान्यताओं में महावीर ने वैचारिक क्रांति का सूत्रपात किया ,विश्व के समक्ष अत्यंत मौलिक सिद्धांत अनेकांत का प्रतिपादन किया ~सहअस्तित्व की भावना, । अपरिग्रह-इच्छाएँ अनंत आकाश की तरह हैं जिन पर नियंत्रण आवश्यक है महावीर ने अर्जन के साथ विसर्जन का सूत्र दिया कहा -जिस समाज के पास विलासिता के अपरिमित साधन हों पर कोई उन्नत ,आध्यात्मिक लक्ष्य ना हो तो वह समाज प्राण रहित सुंदर शरीर के समान है। महावीर के आप परिग्रह दर्शन का ही फल है व्यवहारिक समाजवाद यह आर्थिक क्षमता स्थापित कर वर्ग संघर्ष और वेमनस्यता का निराकरण करता है लालसाओं पर नियंत्रण आवश्यक है संग्रहवृत्ति जीवन को पत नोन्मुखी बनाती है और अपरिग्रह जीवन को शांति और सुकून प्रदान करता है स्वतंत्रता-महावीर ने पूर्ण स्वतंत्रता की सीख दी थी व्यक्ति स्वतंत्र रहकर स्वयं को पहचाने, आत्म शक्ति को जाने लोकतंत्र का आधार जनता की शक्ति है धार्मिक, सांस्कृतिक ,व्यक्तिगत स्वतंत्रता आवश्यक है।

समानता-आत्मवत् सर्वभूतेषु के सिद्धांत अनुसार जड़ ,स्थावर, वनस्पति, त्रियंच सभी समान हैं महावीर ने साम्यवाद का उद्घोष किया जो आंतरिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है।

स्यादवाद (सापेक्षता)- सापेक्षता अर्थात किसी वस्तु के सभी पक्षों को देखना,व्यापक दृष्टिकोण स्थापित कर एकता, समन्वय ,सद्भाव से जीवन की सफलता का सूत्र दिया स्यादवाद अभिव्यक्ति शैली है जिसे सात प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है उसे ही महावीर ने सप्तभंगी कहा स्याद अस्ति, स्याद नास्ति, स्याद अस्ति नास्ति, स्याद अवक्तव्यम् , स्याद अस्ति अवक्तव्यम, । महावीर ने विश्व के समक्ष इस मौलिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया जो दृष्टि और दृष्टिकोण को समझने में अति उपयोगी है

आत्मानुशासन अपने आप पर नियंत्रण -शरीर, मन, वाणी और सभी इंद्रियों पर संयम रख तप निग्रह द्वारा अनुशासित होना। महावीर का कहना था दूसरों पर शासन मत करो, न स्वयं गुलामी स्वीकार करो ना दूसरों पर गुलामी लादो। आत्म अनुशासन से जीवन स्वयं प्रकाशित होता है

विश्व बंधुत्व वसुधैव कुटुंबकम् के आदर्श का बहुत ही सुंदर प्रतिपादन महावीर ने किया संसार के प्रत्येक प्राणी ,जीव जंतु के प्रति समता भाव किसी से द्वेष नहीं ,वे सबसे क्षमा प्रार्थी थे-

खामेभी सब्बजीबे, सव्वे जीवा खमंतु मे
मित्ती में सब्ब भू एसु,वैरं मज्झ न केणई।

भगवान महावीर का यह विश्व बंधुत्व का संदेश राष्ट्रीयता, एकता व लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक तत्व है प्रगति सदैव सद्भावों से होती है ।महावीर के सिद्धांत वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वह प्रकाशमय सूर्य है जो सारे जगत को आलोकित कर देता है।

रत्नत्रय-भगवान महावीर न्याय और दर्शन के प्रणेता थे ,उनका रत्नत्रय सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान व सम्यक चारित्र अंधपरंपरा, रूढ़िवादिता ,कर्मकांड आदि को छोड़कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विकास किया जाए । परीक्षण, निरीक्षण एवं स्वविवेक से प्रत्येक वस्तु को जानकर व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ सतत जागरूकता से आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं और वर्तमान समस्याओं का सम्यक समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं।

समग्रता महावीर का धर्म समग्र है घर, मंदिर, व्यवसाय ,चर्या में किए कर्म में ही धर्म छुपा है जो कुछ करो वह विवेक पूर्ण हो महावीर अविभाज्य व्यक्तित्व चाहते थे। महावीर के उपदेशों को जब तक हम अपने आंतरिक जीवन में नहीं उतारेंगे तब तक व्यक्ति, परिवार, समाज ,राष्ट्र व विश्व का उद्धार नहीं होगा हम महावीर के सिद्धांतों को जन-जन में प्रचारित करें और स्वयं में उतारें तभी कल्याण हो सकता है भगवान महावीर के आदर्श हमारी आज की समस्याओं का सम्यक समाधान प्रस्तुत करते हैं

पावन होती धरा जहाँ से धर्म का पंथ निकलता है
दया ,प्रेम ,करुणा समता से महावीर का युग चलता है

महावीर के सिद्धांत शाश्वत हैं ,जो आज भी तरोताजा हैं, ये आज कीआवश्यकता हैं ,विश्व में व्याप्त विषमताओं, समस्याओं, भय,व त्रासदियों को महावीर के सिद्धांतों पर चलकर ही दूर किया जा सकता है । महावीर के सिद्धांतों को आओ हम सब अपनायें

सत्य ,अहिंसा ,दया ,प्रेम से
जीवन अपना सफल बनायें।



**डॉ संध्या जैन श्रुति**
**जबलपुर ( मध्य प्रदेश )**

## टैरिफ युद्ध का भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं होगा अधिक प्रभाव

दिनांक 2 अप्रैल 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा, विभिन्न देशों से अमेरिका में होने वाले आयातित उत्पादों पर की गई टैरिफ सम्बंधी घोषणा के साथ ही अंततः अमेरिका द्वारा पूरे विश्व में टैरिफ के माध्यम से व्यापार युद्ध छेड़ दिया गया है। अभी, अमेरिका ने विभिन्न देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर विभिन्न दरों पर टैरिफ लगाया है। अब इनमें से कई देश अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर रहे हैं, जैसे चीन ने अमेरिका से चीन में आयात होने वाले उत्पादों पर दिनांक 10 अप्रैल 2025 से 34 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगाने की घोषणा की है। टैरिफ के माध्यम से छेड़े गए व्यापार युद्ध का भारत पर कोई बहुत अधिक विपरीत प्रभाव पड़ने की सम्भावना कम ही है। दरअसल, अमेरिका ने विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर अलग अलग दर से टैरिफ लगाने की घोषणा की है और साथ ही कुछ उत्पादों के आयात पर फिलहाल टैरिफ की नई दरें लागू नहीं की गई हैं। टैरिफ की यह दरें 9 अप्रैल 2025 से लागू होंगी। विभिन्न देशों से अमेरिका में आयात होने वाले उत्पादों पर 10 प्रतिशत की दर से न्यूनतम टैरिफ लगाया गया है। साथ ही, कुछ अन्य देशों यथा चीन से आयातित उत्पादों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की है। इसी प्रकार, वियतनाम से आयातित उत्पादों पर 46 प्रतिशत, ताईवान पर 32 प्रतिशत, थाईलैंड पर 36 प्रतिशत, भारत पर 26 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड पर 31 प्रतिशत, मलेशिया पर 24 प्रतिशत, कम्बोडिया पर 49 प्रतिशत, दक्षिणी अफ्रीका पर 30 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत, पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44 प्रतिशत और इसी प्रकार अन्य देशों से आयातित वस्तुओं पर भी अलग अलग दरों से टैरिफ लगाने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की है।

## अगड़ी जातियों के खिलाफ राहुल गांधी का हल्ला बोल- कांग्रेस को किस रास्ते पर ले जाना चाहते हैं?

बिहार में इसी वर्ष अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा का चुनाव होना है। तमाम राजनीतिक दल इस विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। एक तरफ जेडीयू के मुखिया नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन है, जिसमें विधायकों की संख्या के आधार पर बीजेपी नंबर वन की भूमिका में है। वहीं दूसरी तरफ आरजेडी के नेतृत्व में विपक्षी महागठबंधन है,जिसमें कांग्रेस दूसरे नंबर की बड़ी पार्टी है। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि कांग्रेस के नेता विपक्षी गठबंधन के लिए महागठबंधन शब्द की बजाय इंडिया गठबंधन का ही प्रयोग करने लगे हैं। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी अपनी पार्टी के जनाधार को लगातार बढ़ाने के लिए बिहार का दौरा कर रहे हैं। वर्ष 2025 में ही राहुल गांधी अब तक तीन बार बिहार जा चुके हैं। अपने मिशन बिहार के तहत राहुल गांधी सोमवार (7 अप्रैल) को बिहार की धरती पर थे। पिछले कुछ महीनों के दौरान उनकी यात्राओं की बात करें तो यह राहुल गांधी का तीसरा बिहार दौरा था। इससे पहले राहुल गांधी 18 जनवरी और 4 फरवरी को बिहार के दौरे पर गए थे।

लेकिन अपने बिहार दौरे के दौरान, राहुल गांधी ने सोमवार को जिस अंदाज में अपर कास्ट यानी अगड़ी जातियों पर हमला बोला,वो सबके लिए काफी चौंकाने वाला रहा। राहुल गांधी ने कहा कि, इस देश में अगर आप अपर कास्ट के नहीं हैं, तो आप सेकंड क्लास सिटिजन हैं। ये बात मैं यूंही नहीं कह रहा। यह बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैंने सिस्टम को बहुत गहराई से देखा और समझा है। हमने तेलंगाना में जातिगत जनगणना की और उसके परिणामों को देखते हुए तेलंगाना में आरक्षण बढ़ा दिया। मैंने खुद नरेंद्र मोदी के सामने कहा है कि अगर आपकी सरकार आरक्षण की दीवार नहीं खत्म करेगी तो हम आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीमा वाली दीवार तोड़ देंगे।

राहुल गांधी यहीं नहीं थमे। उन्होंने अगड़ी जातियों के खिलाफ बाकायदा एक माहौल बनाने की कोशिश करते हुए आगे कहा, 卐हमने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चुनें और ये बहुत जरूरी कदम है। पहले हमारे जिला अध्यक्षों में अपर कास्ट के लोग थे, लेकिन अब नई लिस्ट में दो तिहाई लोग- ईबीसी, ओबीसी, दलित, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग से हैं। मैंने और खरगे जी ने बिहार की टीम को साफ संदेश दे दिया है कि आपका काम- बिहार की गरीब जनता का प्रतिनिधित्व करना है। दलितों, ईबीसी, ओबीसी, गरीब सामान्य वर्ग और महिलाओं को जगह देना है। बिहार का यह दुर्भाग्य रहा है कि वहां के नेताओं ने बिहार को जातियों के आधार पर खंड-खंड बांटने का काम किया है। रही-सही कसर नीतीश कुमार ने ओबीसी में से ईबीसी और दलितों में से महादलितों को निकाल कर पूरी कर दी है। ऐसे में राहुल गांधी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाने और कांग्रेस के जनाधार को मजबूत बनाने के लिए ओबीसी, ईबीसी, दलित, महादलित और महिलाओं की बात करें, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

## 12 अप्रैल को मनाया जायेगा हनुमान जन्मोत्सव, राशि अनुसार करें इन मत्रों का जाप

हर साल चैत्र माह की पूर्णिमा के दिन हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। पौराणिक और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन संकटमोचन हनुमान जी का अवतरण हुआ था, इसलिए देशभर में इस दिन उनके जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हनुमान जी की पूरे विधि-विधान से पूजा की जाती है। इस साल हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल 2025 को मनाया जाएगा। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि चैत्र पूर्णिमा पर 12 अप्रैल को पंचग्रही युति योग में हनुमानजी का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। हनुमान जयंती पर इस बार 57 साल बाद पंचग्रही युति योग बन रहा है। इस योग में हनुमान आराधना सुख, समृद्धि व ग्रहों की अनुकूलता के लिए विशेष मानी गई है। इस दिन पांच ग्रहों की साक्षी में संकट मोचन हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मीन राशि सूर्य, बुध, शुक्र, शनि व राहु की युति बन रही है। पंचग्रही युति में किसी विशेष मनोकामना की पूर्ति के लिए हनुमानजी की पूजा अर्चना करना शुभ रहेगा।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हनुमान जी का जन्म मंगलवार को हुआ था। इसी वजह से हर मंगलवार हनुमान जी की विशेष पूजा की जाती है। इसके अलावा शनिवार भी हनुमान जी को प्रिय है।

## उच्च शिक्षा नीति में एक बड़ा बदलाव

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

मध्य प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा नीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए कई दक्षिण भारतीय भाषाओं को राज्य शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल कर बेहद सकारात्मक संदेश दिया है। अब राज्य के कॉलेजों में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत और उर्दू के अलावा बंगाली, मराठी, तेलुगू, तमिल, गुजराती और पंजाबी जैसी भारतीय भाषाओं में भी शिक्षा दी जाएगी। इस पहल के तहत छात्रों को अपनी मातृ भाषा में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिससे उनकी भाषाई क्षमता और सांस्कृतिक जुड़ाव में वृद्धि होगी। त्रिभाषा फार्मूले के बाद कई दशकों से होने वाली भाषाई राजनीति के थमने के आसार बढ़ गए हैं। मध्य प्रदेश का यह कदम देश में भाषावाद की राजनीति को खत्म करने वाला और राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण हो सकता है।

दरअसल, करीब छह दशक पहले भारत में त्रिभाषा फार्मूले को इसलिए प्रस्तावित किया गया था जिससे कि विविधता वाले विशाल भारत देश में बहुभाषावाद और राष्ट्रीय सद्भाव को बढ़ावा मिले तथा इसे देश की एकता और अखंडता को मजबूती मिल सके। कोठारी आयोग ने इसकी सिफारिश 1960 के दशक में की थी। यह फार्मूला भारतीय भाषाओं की समृद्धि और विविधता को बनाए रखते हुए छात्रों को विभिन्न भाषाओं के ज्ञान के माध्यम से एकता, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाला बताया गया था।

त्रिभाषा फार्मूला का उद्देश्य भारतीय शिक्षा व्यवस्था में भाषाई विविधता को प्रोत्साहित करना और एकता बनाए रखना था, लेकिन इसके कई पहलुओं पर सही तरीके से अमल नहीं किया गया है। उत्तर भारत के कुछ हिस्सों खासकर हिन्दीभाषी राज्यों में दक्षिण भारतीय भाषाओं के महत्त्व को ठीक से समझने या स्वीकार करने में कुछ हद तक उपेक्षापूर्ण रवैया देखा गया। इसका असर त्रिभाषा फार्मूला और भाषाई समानता के मुद्दे पर भी पड़ा। आम तौर पर हिन्दीभाषी क्षेत्रों में महसूस किया जाता है कि हिन्दी के अलावा अन्य भाषाएं जैसे तमिल, तेलुगू, कन्नड़ या मलयालम उतनी महत्त्वपूर्ण नहीं हैं, जिससे दक्षिण भारत के लोगों को अपमान का अहसास होता है।

दक्षिण भारतीय भाषाओं के महत्त्व को नकारने को दक्षिण भारत में भाषाई श्रेष्ठता और सांस्कृतिक असंवेदनशीलता की तरह लिया गया और बाद में दक्षिण भारत की राजनीति में इसे हिन्दी विरोध के रूप में प्रचारित किया गया। इससे देश में भाषा और पहचान को लेकर उत्तर भारत और दक्षिण भारत में एक लकीर खिंच गई। वास्तव में इस समय राजनीतिक दलों से अपेक्षा थी

## भारतीय संस्कृति का सूरज हैं भगवान महावीर

प्रत्येक वर्ष हम भगवान महावीर की जन्म-जयन्ती मनाते हैं। महावीर जयन्ती मनाने का अर्थ है महावीर के उपदेशों को जीवन में धारण करने के लिये संकल्पित होना, महावीर बनने की तैयारी करते हुए देश एवं दुनिया में अहिंसा, शांति, करूणा, प्रेम, सह-जीवन को साकार करना। शांतिपपूर्ण, उन्नत एवं संतुलित समाज निर्माण के लिए जरूरी है महावीर के बताये मार्ग पर चलना।

सफल एवं सार्थक जीवन के लिये महावीर-सी गुणात्मकता को जन-जन में स्थापित करना। कोरा उपदेश तक महावीर को सीमित न बनाएं, बल्कि महावीर को जीवन का हिस्सा बनाएं, जीवन में ढालें। भगवान महावीर एक युग प्रवर्तक, कालजयी महापुरुष थे। उन्होंने एक क्रांति द्रष्टा के रूप में मानवजाति के हृदय में नवीन चेतना का संचार अपने जीवन-अनुभवों, उपदेशों, शिक्षा और सिद्धांतों के द्वारा किया। भगवान महावीर सामाजिक क्रांति के शिखर पुरुष थे, वे भारतीय संस्कृति का सूरज हैं। महावीर का दर्शन अहिंसा, शांति और समता का ही दर्शन नहीं है बल्कि क्रांति का दर्शन है। व्यक्तिगत एवं समााजिक क्रांति के संदर्भ में उनका जो अवदान है, उसे उजागर करना वर्तमान युग की बड़ी अपेक्षा है। ऐसा करके ही हम दुनिया में युद्ध, हिंसा, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, तनाव को समाप्त कर एक उन्नत, शांतिपूर्ण, स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे।

## घरेलू हिंसा और झूठे मुकदमों से घुटते पुरुष

रेखा शाह आरबी

हमारे देश में महिला सुरक्षा एक ज्वलंत और महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है । आधुनिक समाज और सरकार की यह मंशा रही है कि महिलाएं किसी भी प्रकार के हिंसा उत्पीड़न और दुर्व्यवहार से सुरक्षित रहे। समाज में महिलाओं को सुरक्षित माहौल मिले और काम करने का अधिकार मिले और वह आत्मनिर्भर बनकर समाज को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।इसके लिए भरसक प्रयास किया गया है । इसके लिए महिलाओं के हित सुरक्षा के लिए अनेक कानून और नीतियां है । जो उन्हें समाज में समान स्थान दिलाने के लिए जरूरी भी था।

दहेज प्रथा भारतीय समाज और महिलाओं के लिए एक अभिशाप था। और इसके उन्मूलन के लिए कानूनी प्रावधान रुपी सशक्त कानून दहेज प्रतिषेध अधिनियम (1961) बनाया गया जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए का उद्देश्य दहेज की प्रताड़ना से प्रताड़ित महिलाओं का उत्पीड़न रोकने के लिए बनाया गया था । जो काफी कारगर भी सिद्ध हुआ है । इस कानून के कारण महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण सुरक्षा बहुत हद तक मिल रहा है । जिससे वह अपना सुरक्षित विकास कर सके।

अपने देश में जब भी सामाजिक न्याय ,शोषण, लैंगिक समानता की चर्चा उठती है । तब सिर्फ महिलाओं को ही शोषित और प्रताड़ित माना जाता है जो कि सर्वथा अनुचित है। पुरुष भी प्रताड़ना के शिकार होते हैं घरेलू हिंसा के शिकार होते हैं । उनके साथ भी अनुचित और घोर अमानवीय व्यवहार होता है।

पुरुष को भी घरेलू हिंसा से टॉर्चर किया जाता है और झूठे मुकदमों में फंसा कर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 जैसा एक तरफा कानून होने के वजह से पुरुषों को अपनी सुरक्षा के लिए कानूनी संरक्षण नही प्राप्त हो पाता है ।

जिसके कारण वह खुद को लाचार और असहाय महसूस करते हैं। कुछ महिलाएं 498ए धारा को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने लगी हैं ।और दुर्भावना से प्रेरित होकर निर्दोष पुरुष और उनके परिवारों को इस कानून के दायरे में फंसाने के लिए उपयोग करने लगी हैं।

आप सोच कर देखिए यदि कोई महिला अपनी गलत मंशा की पूर्ति के लिए यदि इस कानून का अपने ससुराल वालों के खिलाफ इस्तेमाल करती है। या पति के खिलाफ इस्तेमाल करती है तो वह कितने असहाय हो जाते हैं।

और इसके अलावा हमारे समाज की मानसिकता ऐसी है कि जब भी स्त्री और पुरुष में कोई विवाद का मामला सामने आता है । तो बिना विचार किये पुरुषों को दोषी और अपराधी बता दिया जाता है। जबकि पुरुष भी दोषी हो सकता है महिला भी दोषी हो सकती है इसका पूरी संभावना रहती है।

अधिकांश पुरुष अपने घर की बातें समाज में ले जाने से भी अक्सर कतराते है । क्योंकि उसे उसी समाज में रहना होता है ।और वह अपनी जग हंसाई से डरता है । और जब भी पुरुष दहेज के झूठे मुकदमे में फंसता है या घरेलू हिंसा का शिकार होता है तो वह ज्यादातर घुट घुट कर जीने को मजबूर हो जाता है।

क्योंकि वह जानता है कि ज्यादातर लोगों की सहानुभूति बिना हकीकत को जाने महिला पक्ष की तरफ रहेगी। उसका आत्मविश्वास पहले ही टूट जाता है।

और पुरुष प्रताड़ना का सबसे ज्यादा आधार बनते हैं वह नियम जो स्त्रियों को सुरक्षा देने के लिए बनाए गए । किसी भी वैवाहिक जीवन में विवाद की स्थिति आने पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम (1961) के कानून धारा 498ए का पत्नि और उनके परिवार वाले नाजायज और अनुचित फायदा उठाते हैं। और उन्हें कानून के आधार पर डरा धमकाकर अपनी अनुचित और नाजायज मांगो की पूर्ति करते हैं। और पुरुष अपने परिवारजन और अपने आप को बचाने के खातिर ब्लैकमेल होता रहता है।

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए, जो एक विवाहित महिला के प्रति उसके पति या पति के रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता से संबंधित है, अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85 में शामिल की गई है। इस नए प्रावधान में मूल रूप से वही अपराध परिभाषित है, जिसमें किसी महिला के प्रति क्रूरता (शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक) को दंडनीय बनाया गया है, और इसमें कारावास की सजा, जो तीन साल तक हो सकती है, के साथ-साथ जुर्माना भी शामिल है।

कई बार इन कानूनो के वजह से ऐसा हो जाता है कि जहां तक उसके बर्दाश्त की सीमा होती है वहां तक वह यह प्रताड़ना झेलता रहता है। और जब यही प्रताड़ना हद से ज्यादा बढ़ जाती है तो वह सुसाइड की तरफ अपना कदम बढ़ा लेता है।

और इसके एक नहीं अनेक समाज में उदाहरण देखने को मिल रहे हैं। ऐसे प्रताड़ना के शिकार होकर मरने वाले पुरुषों की संख्या दिन-ब-दिन आश्चर्यजनक रूप से बढ़ती ही जा रही है।

उदाहरण के लिए आगरा निवासी टीवीएस कंपनी के मैनेजर मानव शर्मा, बेंगलुरु के एआई इंजीनियर अतुल सुभाष, दिल्ली के सॉफ्टवेयर इंजीनियर सतीश या इनके जैसे अनेक नाम मात्र घरेलू हिंसा और पत्नी प्रताड़ना के वजह से अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिए।

यह दो-तीन नाम तो मात्र चर्चा में आए और सुर्खियों में आने के कारण लोग जान रहे हैं। लेकिन इनके अलावा भी हजारों ऐसे लोग हैं जो घोर प्रताड़ना के शिकार हैं । और जिनकी खोज खबर लेने वाला भी कहीं कोई नहीं है। वह मर मर कर जीने को मजबूर है ।

यह सब कोई अशिक्षित, बेरोजगार युवा नहीं है बल्कि समाज में अच्छे ओहदे पर कार्यरत और पढ़े लिखे युवा थे । सोच कर देखिए इतने अच्छे ओहदो पर अपनी बुद्धि ,क्षमता, कार्य कुशलता से पहुंचने वाले युवा आखिर ऐसी कौन सी स्थिति बन रही है कि अपने आप को खत्म कर ले रहे हैं। इस सवाल का जवाब समाज को ढूंढना बहुत जरूरी है।

इस पर समाज को विचार करने की बेहद आवश्यकता है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो पुरुष वर्ग का विवाह नामक संस्था से विश्वास पूर्णतया उठ जाएगा। जो समाज में और भी अराजकता और दुराचार फैलाने का कारण बनेगा।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आया है। आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरा रहने वाला है। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में ख़ुशी रहेगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है।

कर्क राशि: आज महाअष्टमी के दिन आपके सभी कार्य सफल होंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नई बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज कार्यों में आपको माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी।

तुला राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर आप आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। माता महागौरी की कृपा से आपका जीवन खुशियों से भरा रहेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लेकर आया है। आपके दोस्त आपसे मदद मांगेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार वालों के साथ आज देवी दर्शन के लिए जाएंगे।

मीन राशि: आज का दिन आपके खास रहने वाला है। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जाएंगे। टूर-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है।



वक्फ एक्ट को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बयान पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पलटवार किया है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में एक बार कहा था कि 6-7 साल में एक व्यक्ति युवा हो जाता है। फिर उन्होंने कहा कि तपस्या से गर्मी आ जाती है। आज वैसा ही नया सिद्धांत कुछ दिखाई पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी को वक्फ पर बोलने की कोशिश करने के लिए अहमदाबाद का इंतजार करना पड़ा।

जबलपुर दिन गुरूवार 10 अप्रैल 2025

दैनिक क्षितिज किरण 

# हम बिहार का चेहरा बदलना चाहते हैं : राहुल गांधी

पटना (आरएनएस)। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि हिंदुस्तान की सच्चाई की रक्षक संविधान है। भगवान बुद्ध, गुरु नानक, कबीर ऐसे कई महापुरुष हैं, जिन्हें हिंदुस्तान मानता है। भीमराव अंबेडकर ने दलितों की लड़ाई लड़ी, लेकिन यह उन्हें दलितों ने ही सिखाया। उन्होंने उनके दर्द को समझा और उसके बाद उनकी लड़ाई लड़ी।

राहुल गांधी ने पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारी है कि जो गरीब लोग हैं, जो कमजोर लोग हैं, ईबीसी, ओबीसी, गरीब, दलित इन सबको जोड़कर, इज्जत देकर आगे बढ़े। कांग्रेस पार्टी को जिस गति और जिस मजबूती से बिहार में काम करना चाहिए था, वो नहीं किया।

उन्होंने कहा कि हम अपनी गलती से समझे हैं और अब हम बिना रुके पूरी शक्ति के साथ बिहार के गरीब, कमजोर, ओबीसी, ईबीसी, दलित और महादलित को लेकर हम एक साथ आगे बढ़ेंगे।

उन्होंने तेलंगाना के जातीय गणना को पारदर्शी बताते हुए कहा कि वहां जाति का पूरा का पूरा डेटा हमारे हाथ में है। बहुत सारे लोग बहुत तरह की बात करते हैं कि जाति जनगणना नहीं होनी चाहिए, लेकिन हम लोग चाहते हैं कि देशभर में जातीय जनगणना हो।

उन्होंने आरक्षण को लेकर कहा कि आज तेलंगाना में देखेंगे तो वहां बड़ी कंपनियों के मालिक, उसके सीईओ, प्रबंधन में ओबीसी, ईबीसी, दलित और महादलित के लोग नहीं मिलेंगे, लेकिन मजदूर वर्ग की सूची में यही लोग मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं 50 फीसदी आरक्षण की इस दीवार को तोड़कर फेंक दूंगा। इस देश को दस-पंद्रह लोग चला रहे हैं। जातीय जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है, इससे देश की सच्चाई पता चलेगी।

उन्होंने एक आईआईटी प्रोफेसर का उदाहरण देते हुए कहा कि भले ही आप डॉक्टर, प्रोफेसर या कोई बड़े आदमी बन जाएं, मगर सिस्टम आपको आपका काम सही से नहीं करने देगा। अगर आप डॉक्टर हैं, दलित वर्ग से आते हैं और कोई अस्पताल खोलना चाहते हैं, तो आपको लोन नहीं मिलेगा। बैंक से लोन मिल भी जाएगा तो ब्यूरोक्रेट अड़ंगा लगा देंगे। उन्होंने इस सिस्टम में सुधार की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि हम बिहार का चेहरा बदलना चाहते हैं। जो बिहार में हुआ है और जो आज बिहार में हो रहा है, जो एनडीए की सरकार बिहार में कर रही है, उससे हम लड़ रहे हैं और उसे हम हराने जा रहे हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव के भले ही अक्टूबर-नवंबर में होने की संभावना है, लेकिन कांग्रेस ने अभी से ही अपनी खोई जमीन की तलाश शुरू कर दी है। कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी लगातार बिहार दौरे पर आ रहे हैं। सोमवार को भी वह बिहार पहुंचे और बेगूसराय में पलायन रोको नौकरी दो यात्रा में हिस्सा ले रहे हैं। बेगूसराय में राहुल गांधी के पहुंचने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ गया है। पदयात्रा में राहुल गांधी के साथ हजारों कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और समर्थक चल रहे हैं। समर्थक राहुल गांधी के ऊपर फूलों की बारिश करते नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी की अपील पर कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सफेद टी-शर्ट पहनकर पदयात्रा में भाग लिया।

बेगूसराय के आईटीआई मैदान से पलायन रोको रोजगार दो पदयात्रा शुरू की गई। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भी भीड़ नजर आ रही है। इधर, कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आज पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में कदमताल कर यात्रा के संदेश को मजबूती के साथ बुलंद किया। बिहार के युवाओं को पलायन नहीं, उन्हें खुद के प्रदेश में रोजगार मिले- ये हमारी यात्रा का लक्ष्य है। ये यात्रा बिहार के संघर्ष की आवाज और उम्मीद है। हम वर्षों से अन्याय झेल रहे राज्य के नौजवानों को न्याय का हक दिलाकर रहेंगे। कांग्रेस ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, पलायन रोको-नौकरी दो यात्रा में हम बिहार के युवाओं की हुंकार लिए आगे बढ़ रहे हैं। बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक और पलायन के खिलाफ हमारी ये लड़ाई, युवाओं को न्याय दिलाने तक जारी रहेगी।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिस्बन में पुर्तगाल के महान कवि लुइस वाज़ डे कैमेस की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की.



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए।

## पीएम मोदी ने मोटापे को लेकर जताई चिंता, दी सलाह- फिट रहने के लिए इस चीज का इस्तेमाल कम करने को कहा

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर देशवासियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और मोटापे से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत फिटनेस को प्राथमिकता देना भारत के विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य में अहम योगदान करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, आइए हम एक स्वस्थ दुनिया बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करें। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान देती रहेगी और लोगों की भलाई के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करती रहेगी। अच्छा स्वास्थ्य किसी भी समृद्ध समाज की नींव है।

एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने सदियों पुरानी कहावत, स्वास्थ्य ही परम सौभाग्य और परम धन है को याद दिलाया और भारत में बढ़ते मोटापे के संकट पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, आजकल हमारी जीवनशैली हमारे स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, 2050 तक 44 करोड़ से ज्यादा भारतीय मोटापे से ग्रसित होंगे। यह चिंता की बात है, यह कितना बड़ा संकट बन सकता है।

अपने संदेश में पीएम मोदी ने यह भी कहा कि स्वस्थ खाने की आदतें अपनाना, जैसे कि तेल का कम उपयोग, सिर्फ व्यक्तिगत फैसला नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समस्या को रोकने के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील की और एक सरल सुझाव दिया- मैं आज आपसे एक वादा लेना चाहता हूं कि हम सभी अपने खाना पकाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी करें। यह मोटापे को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। उन्होंने लोगों को अपनी दिनचर्या में नियमित शारीरिक गतिविधि जोड़ने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा, इसके अलावा, हमें व्यायाम को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। अगर हम खुद को फिट रखते हैं, तो यह विकसित भारत की ओर एक महत्वपूर्ण कदम होगा। प्रधानमंत्री हमेशा मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए आगे रहे हैं।

अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के एक एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक खेल क्षेत्र में भारत की प्रगति की सराहना की थी और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जोर दिया था। अपने संबोधन में उन्होंने एक चिंताजनक स्वास्थ्य प्रवृत्ति का जिक्र किया था, जिसमें डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के आधार पर भारत में मोटापे के बढ़ते मामलों की बात की थी।

उन्होंने कहा था, भारत में हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे से प्रभावित है। हाल के वर्षों में इसका प्रचलन दोगुना हो गया है और बचपन में मोटापा चार गुना बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेतावनी दी थी कि मोटापा हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि जीवनशैली में छोटे लेकिन प्रभावी बदलाव इन जोखिमों को कम करने में मदद कर सकते हैं।

## राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का तंज, पहले अपना पलायन तो बचा लें

पटना (आरएनएस)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी सोमवार को एक दिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंचे हैं। इस दौरान वे बेगूसराय में पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में शामिल होंगे। इस बीच, भाजपा के नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने उन पर तंज कसते हुए कहा कि पहले वे अपना पलायन तो बचा लें, कभी उत्तर प्रदेश, कभी केरल और अब बिहार। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बिहार आने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। वे आएं, घूमे और भ्रम फैलाएं। नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की सरकार है। 2005 के पहले का बिहार और 2005 के बाद के बिहार को देखें। यहां सड़कें बन गईं, गंगा नदी पर पुल बन गए, आठ लाख लोगों को नौकरी दे दी गई है, आगे भी चार लाख लोगों को नौकरी दी जाने वाली है।

उन्होंने आगे कहा, आज वे (राहुल गांधी) बेगूसराय जा रहे हैं। उनके पिताजी राजीव गांधी 1985 में कहकर गए थे कि पेट्रोकेमिकल्स बनाएंगे, लेकिन नहीं बनाए। मोदी सरकार वहां रिफाइनरी बना रही है, फर्टिलाइजर बन रहा है। वहां वे क्या देखने जाएंगे? आए हैं, घूमें और जाएं, नौटंकी करें, भ्रम फैलाएं। उनको भगवा रंग से नफरत है, इसलिए सफेद रंग चुने हैं। वैसे उनके आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पटना में बेरोजगारी और पलायन के खिलाफ पलायन रोको नौकरी दो यात्रा में हिस्सा लिया.

## बटाला में पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला, खालिस्तानी समर्थक ने किया रॉकेट लॉन्चर इस्तेमाल करने का दावा

गुरदासपुर (आरएनएस)। बटाला के किला लाल सिंह पुलिस स्टेशन के पास रविवार देर रात करीब 12:35 बजे एक संदिग्ध हमला हुआ। खालिस्तान समर्थक आतंकियों द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई एक पोस्ट में इस हमले का दावा किया गया है। पोस्ट के अनुसार, यह हमला खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पासियां ने रॉकेट लॉन्चर से किया है। इस हमले को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में हुई एक मुठभेड़ का बदला बताया जा रहा है। तेज धमाके की आवाज से आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। किला लाल सिंह के निवासियों ने भी रात में तीन जोरदार धमाके सुनने की पुष्टि की है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। यह धमाका बटाला के फतेहगढ़ चूड़ियां कस्बे में स्थित किला लाल सिंह पुलिस स्टेशन के सामने से गुजर रही नहर के पास हुआ। स्थानीय लोगों ने धमाके की आवाज सुनकर चिंता जताई है। पुलिस ने रात से ही थाने के आसपास के इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस अधिकारी फिलहाल धमाके की प्रकृति और कारणों पर कोई भी आधिकारिक जानकारी देने से बच रहे हैं

## जया बच्चन फिर विवादों में : पहले झटका हाथ, फिर सुनाई खरी-खोटी! बुजुर्ग महिला के साथ दुर्व्यवहार का वीडियो वायरल

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिग्गज अभिनेत्री और सांसद जया बच्चन एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार अपने व्यवहार को लेकर। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें एक बुजुर्ग महिला के साथ कथित तौर पर गलत तरीके से पेश आते हुए देखा जा सकता है। यह घटना अनुभवी अभिनेता मनोज कुमार की प्रेयर मीट के दौरान हुई। जानकारी के अनुसार, जया बच्चन मनोज कुमार की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने पहुंची थीं। इसी दौरान, एक बुजुर्ग महिला ने उनसे तस्वीर खिंचवाने के लिए पीछे से उनके कंधे पर हाथ रखा। वीडियो में दिख रहा है कि महिला के इस भाव से जया बच्चन चौंक गईं और उन्होंने पलटकर महिला का हाथ झटक दिया। वायरल वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि जब महिला के पति इस पूरे घटनाक्रम को अपने कैमरे में कैद कर रहे थे, तो जया बच्चन उनसे नाराज हो गईं और उन्हें कुछ कहती हुई दिखाई दीं। इसके बाद, बुजुर्ग महिला और उनके पति ने जया बच्चन से माफी मांगी और वहां से चले गए।

सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से फैल रहा है और यूजर्स जया बच्चन के इस व्यवहार की कड़ी आलोचना कर रहे हैं। कई यूजर्स ने उनके रवैये को 'घमंडी' और 'असभ्य' बताया है। एक यूजर ने कमेंट किया, इस दुनिया में क्या हो रहा है। कितनी घमंडी है। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, लोग इनके साथ फोटो खींचते ही क्यों हैं, जब पता है कि ये सरफिरी हैं।

## गृह मंत्री अमित शाह का जम्मू कश्मीर दौरा, पाकिस्तान ने पुंछ में तोड़ा संघर्ष विराम, सेना का मुंहतोड़ जवाब

जम्मू (आरएनएस)। पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम तोड़ा। भारतीय सेना ने इसका जोरदार जवाब दिया। संघर्ष विराम का उल्लंघन ऐसे समय में हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के तीन दिन के दौरे पर हैं।

अधिकारियों ने बताया, पाकिस्तानी सेना ने आज पुंछ जिले के दिगवार सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम तोड़ा। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी के दौरान कोई घुसपैठ न हो, इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया है। इससे पहले 1 अप्रैल को पाकिस्तानी सेना ने पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक बारूदी सुरंग के धमाके के बाद बिना किसी कारण के गोलीबारी की और संघर्ष विराम तोड़ा। सेना ने एक बयान में कहा कि भारतीय सैनिकों ने 'संतुलित और नियंत्रण तरीके से' प्रभावी जवाब दिया।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुंबई के दक्षिण क्षेत्र साइबर पुलिस स्टेशन में निर्भया साइबर लैब के उद्घाटन के दौरान.



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का महाराष्ट्र के नंदुरबार पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया.

## वक्फ कानून को चुनौती मामला : याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जताई सहमति

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलील पर गौर किया जिसमें उन्होंने कहा कि याचिकाएं बेहद अहम हैं और इन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए।


प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मैं दोपहर में उल्लेख पत्र देखूंगा और निर्णय लूंगा। सूचीबद्ध करेंगे।

संसद द्वारा शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किए जाने के तुरंत बाद संशोधनों को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। संसद के दोनों सदनों में विधेयक पारित होने के बाद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने घोषणा की कि वह वक्फ (संशोधन) विधेयक को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देगी। कांग्रेस ने दावा किया कि यह संविधान के मूल ढांचे पर हमला है और इसका उद्देश्य धर्म के आधार पर देश को ध्रुवीकृत और विभाजित करना है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में पार्टी के सचेतक मोहम्मद जावेद ने अपनी याचिका में कहा कि ये संशोधन संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 25 (धर्म का पालन और प्रचार करने की स्वतंत्रता), 26 (धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने की स्वतंत्रता), 29 (अल्पसंख्यकों के अधिकार) और 300ए (संपत्ति का अधिकार) का उल्लंघन करते हैं।

अपनी याचिका में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने कहा है कि यह कानून देश के संविधान पर सीधा हमला है, जो न केवल अपने नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है, बल्कि उन्हें पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है।

जमीयत ने कहा, यह विधेयक मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता छीनने की एक खतरनाक साजिश है। इसलिए, हमने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है और जमीयत उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी अपने-अपने राज्यों के उच्च न्यायालयों में इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देंगी।

इसी तरह, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख अकबरुद्दीन ओवैसी ने शीर्ष अदालत का रुख किया।



दूरदर्शी एटली द्वारा निर्देशित इस बहुप्रतीक्षित परियोजना से उम्मीदें नई ऊंचाइयों पर पहुंचने वाली हैं। निर्माताओं ने आज प्रशंसकों को फिल्म की पहली झलक दिखाई है, और यह फिल्म के निर्माण में भविष्य की हर चीज के बारे में जानकारी देती है। जिन्हें नहीं पता, उनके लिए सन पिक्चर्स ने अपने प्रोजेक्ट एक रोमांचक अपडेट साझा किया है, और इस हाई-ऑक्टेन प्रोजेक्ट के लिए अल्लू अर्जुन के एटली के साथ सहयोग की पुष्टि की है। वीडियो क्लिप में अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी को फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ वीएफएक्स और एनीमेशन तय करने के लिए लॉस एंजिल्स की यात्रा करते हुए दिखाया गया है।

# जन्नत फेम सोनल चौहान मिनी ड्रेस में दिए किलर पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनल चौहान एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज़ को लेकर चर्चा में हैं. 'जन्नत' फेम इस खूबसूरत अदाकारा ने हाल ही में मुंबई में एक ब्रांड लॉन्च इवेंट के दौरान शिरकत की, जहां उन्होंने पिंक शॉर्ट आउटफिट में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा. इवेंट की तस्वीरें जैसे ही इंस्टाग्राम पर सामने आईं, सोशल मीडिया पर हलचल मच गई. सोनल ने ऑफ-शोल्डर, रोज़ फ्लावर स्टाइल की पिंक मिनी ड्रेस में कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज़ दिए. उनकी कर्व्स और कॉन्फिडेंस ने हर किसी को इंप्रेस कर दिया.

यह लुक उन्होंने केटल स्टूडियो चिप्स के लॉन्च पर कैरी किया था, जिसे उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए ब्रांड को बधाई दी. सोनल का यह बोल्ड और बिंदास अंदाज़ फैशन लवर्स के बीच खूब पसंद किया जा रहा है. यूज़र्स ने कमेंट बॉक्स में लिखा ङ्क 'बेहद आकर्षक', 'स्ले क्वीन', और 'हमेशा की तरह भव्य', वहीं कई सेलेब्स ने भी उनके लुक की तारीफ की. गौरतलब है कि सोनल चौहान ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी और 'जन्नत' फिल्म से बड़े पर्दे पर धमाकेदार एंट्री की थी. आज भी उनकी खूबसूरती और स्टाइल का कोई जवाब नहीं. फैंस उनके आगामी प्रोजेक्ट का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं.

## द पैराडाइज से नानी की नई झलक आई सामने, हिंदी समेत इन भाषाओं में होगी रिलीज

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता नानी काफी समय से अपनी आगामी फिल्म द पैराडाइज को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान श्रीकांत ओडेला ने संभाली है।

दशहरा के बाद यह श्रीकांत और नानी के बीच दूसरा सहयोग है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुधाकर चेरुकुरी इस फिल्म के निर्माता हैं। अब द पैराडाइज से नानी की नई झलक सामने आ गई है, जिसमे उनका धांसू अवतार दिख रहा है। द पैराडाइज एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषा में रिलीज किया जाएगा। खास बात यह है कि यह फिल्म अंग्रेजी और स्पेनिश भाषा में भी दर्शकों के बीच आएगी।

# ऋतिक रोशन की फिल्म कृष 4 से जुड़ीं नोरा फतेही

जब से ऋतिक रोशन ने अपनी ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइजी कृष की चौथी किस्त की घोषणा की है, प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। खास बात यह है कि कृष 4 के निर्देशन की कमान ऋतिक को सौंपी गई है। इस फिल्म के जरिए वह मनोरंजन जगत में बतौर निर्देशक कदम रखने जा रहे हैं।

ताजा खबर यह है कि कृष 4 की स्टार कास्ट में जानी-मानी अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही शामिल हो गई हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, कृष 4 में अहम भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने नोरा से संपर्क किया है।

दिलचस्प बात यह है कि उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और कृष 4 का हिस्सा बनने के लिए वह काफी उत्साहित हैं।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि प्रीति जिंटा भी कृष 4 में नजर आएंगी। उन्होंने कोई मिल गया में निशा की भूमिका निभाई थी। अब वह अपने इस किरदार को दोबारा दोहराती दिखेंगी।

कृष फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म थी कोई मिल गया जो 2003 में आई थी। इसने बॉलीवुड को एक नया सुपरहीरो दिया था।

इसके बाद साल 2006 में कृष और 2013 में कृष 3 रिलीज हुईं। कृष में प्रियंका चोपड़ा, रेखा और नसीरुद्दीन शाह जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए थे, वहीं कृष 3 में कंगना रनौत, विवेक ओबेरॉय और राजपाल यादव जैसे कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज की पिछली तीनों फिल्मों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है।



# सिकंदर ने बॉक्स ऑफिस पर तोड़ा दम, छठे दिन हुई अब तक की सबसे कम कमाई, वर्ल्डवाइड कमाए 169.78 करोड़ रुपये

सलमान खान की फिल्म सिकंदर आज 5 अप्रैल को अपनी रिलीज का पहला हफ्ता पूरा करने जा रही है. सिकंदर ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर अपने छह दिन पूरे कर लिए हैं. सलमान खान मीठी ईद पर अपने फैंस के लिए सिकंदर का तोहफा लेकर आए थे, जो फीका साबित हुआ, हालांकि कमाई के मामले में फिल्म 200 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुकी है. सिकंदर एक मास एक्शन फिल्म है, जिसने वर्ल्डवाइड 50 करोड़ रुपये से ज्यादा से खाता खोला था और अब फिल्म की कमाई कितनी हो चुकी है और फिल्म ने छठे दिन कितना कलेक्शन किया है आइए जानते हैं. सैकनिल्क के अनुसार, सिकंदर की कमाई में एक बार फिर बड़ी गिरावट दर्ज की गई है. सिकंदर ने छठे दिन बॉक्स ऑफिस पर महज 3.75 करोड़ रुपये (अनुमानित) का कलेक्शन किया है. यह सिकंदर का अभी तक का सबसे कम कलेक्शन है. सैकनिल्क के अनुसार फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर छह दिनों में 94 करोड़ रुपये कमा चुकी है और वहीं फिल्म मेकर्स के अनुसार फिल्म पांच दिनों में ही वर्ल्डवाइड 169.78 करोड़ रुपये और घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 124.03 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर चुकी है. वहीं, सिकंदर ने ओवरसीज में पांच दिनों में 45.65 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. अब सलमान खान की फिल्म सिकंदर के पास आखिरी और एकमात्र फ्री वीकेंड बचा है, इसके बाद 10 अप्रैल को सनी देओल की फिल्म जाट रिलीज होने जा रही है. ऐसे में सिकंदर के पास शनिवार (5 अप्रैल) और रविवार (6 अप्रैल) को खुलकर कमाने का मौका है. अब देखना होगा कि क्या सिकंदर इन दिनों में वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू पाएगी या नहीं. सिकंदर की बात करें तो इस साजिद नाडियावाला ने प्रोड्यूस किया है.

# केसरी चैप्टर 2 से अनन्या पांडे का दिलरीत गिल लुक हुआ रिवील, 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

केसरी चैप्टर 2 का टीज़र कुछ दिनों पहले रिलीज़ किया गया था. दमदार कहानी के कारण इसने लोगों को ध्यान खिंचा. अब फिल्म के मेकर्स ने अनन्या पांडे और आर माधवन सहित कलाकारों के पोस्टर जारी किए हैं. फैंस में उत्सुकता है कि अनन्या फिल्म में क्या रोल निभाएंगी. अनन्या नए लुक में दिलरीत गिल की भूमिका में दिख रही हैं. पोस्टर में अपने रोल में वह बेहद प्रभावशाली नजर आ रही हैं. निर्माताओं ने फिल्म में अनन्या पांडे के किरदार का एक नया टीज़र वीडियो जारी किया हैं. अभी हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया।

टीजर में आप देख सकते हैं कि अनन्या पांडे सफेद साड़ी पहने और हाथों में एक फाइल पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं. पोस्टर में वह दृढ़ और आत्मविश्वास से भरी दिख रही हैं, उनकी आवाज़ में सुना जा सकता है, उस दिन जलियांवाला बाग में जो हुआ उसका सच पूरी दुनिया को पता चलना चाहिए.इस बीच, आर. माधवन फिल्म में नेविल मैकिनले की भूमिका निभा रहे हैं. इस हफ्ते की शुरुआत में धर्मा प्रोडक्शंस ने फ़िल्म का एक मिनट तीस सेकंड से यादा लंबा टीज़र शेयर किया था, जिसमें अक्षय एक ब्रिटिश जज की अध्यक्षता वाली अदालत में एक सख्त वकील की भूमिका में नज़र आए थे. वीडियो के एक हिस्से में जज ने अदालत के अंदर अक्षय से कहा, मत भूलो कि तुम अभी भी ब्रिटिश साम्राज्य के गुलाम हो. जवाब देते हुए अक्षय अपने किरदार में कहते हैं, भाड़ में जाओ. केसरी चैप्टर 2, 2019 में रिलीज़ हुई पहली फ़िल्म का सीक्वल है. इसमें सारागढ़ी की लड़ाई की घटनाओं को दिखाया गया है. इसमें 1897 में ब्रिटिश भारतीय सेना की 36वीं सिख रेजिमेंट के 21 सिख सैनिकों और 10,000 अफ़रीदी और ओरकज़ई पश्तून आदिवासियों के बीच की लड़ाई को दिखाया गया है. परिणीति चोपड़ा ने पहले चैप्टर में अहम भूमिका निभाई थी.केसरी चैप्टर 2 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी.

## सुनील शेट्टी की केसरी वीर को मिली नई रिलीज तारीख, अब दर्शकों के बीच 16 मई को आएगी फिल्म?

बॉलीवुड की आगामी फिल्म केसरी वीर के फैंस के लिए एक बड़ी खबर है। इस फिल्म की रिलीज डेट को बदल दिया गया है। पहले यह फिल्म 14 मार्च 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसे 16 मई 2025 तक के लिए टाल दिया है। इसकी जानकारी हाल ही में सोशल मीडिया पर साझा की गई है। निर्माताओं ने एक खास पोस्टर जारी करके इस बदलाव की जानकारी दी है। पोस्टर पर लिखा है, केसरी वीर के लिए प्यार और उत्साह देखकर हम अभिभूत हैं। इसे दुनियाभर में और प्रभावशाली रूप से लॉन्च करने के लिए हम अब रिलीज डेट को 16 मई 2025 कर रहे हैं। इसके साथ ही कैप्शन में लिखा गया, सोमनाथ के महान योद्धा की कहानी केसरी वीर अब 16 मई को सिनेमाघरों में। हर हर महादेव।

## कार्तिक आर्यन की तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी वैलेंटाइन डे 2026 के लिए लॉक, रोमांस का जादू बिखेरेंगे रूह बाबा

कार्तिक आर्यन और फिल्म मेकर करण फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के लिए फिर से साथ काम कर रहे हैं. फिल्म की रिलीज डेट आखिरकार तय हो गई है. खबर है कि धर्मा प्रोडक्शंस की आगामी फिल्म में अनन्या पांडे को मुख्य भूमिका में लिया जा सकता है. करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, भूमिका तिवारी, शरीन मंत्री केडिया और किशोर अरोड़ा निर्मित रोमांटिक कॉमेडी तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी की रिलीज डेट लॉक कर दी गई है. यह फिल्म 2026 में वेलेंटाइन डे वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी की रिलीज डेट के बारे में जानकारी साझा की है. तरण आदर्श के मुताबिक, कार्तिक आर्यन वैलेंटाइन 2026 पर आर रहे हैं- तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की रिलीज डेट लॉक. कार्तिक आर्यन की अगली फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी,

# लोगों को हैं नमक के सेवन से जुड़े कुछ भ्रम, जिनकी सच्चाई जानना है बेहद जरूरी



बढ़ता हुआ रक्तचाप या हाई ब्लड प्रेशर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जो कई बीमारियों का कारण बन सकता है। इसके लिए आमतौर पर खान-पान में शामिल नमक को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

इसलिए डॉक्टर भी नमक की खपत कम करने की सलाह देते हैं। हालांकि, क्या वाकई ऐसा करना जरूरी है?

आज हम आपको नमक से जुड़े कुछ आम मिथकों की सच्चाई बताएंगे, ताकि आप बेहतर निर्णय ले सकें।

क्या वाकई नमक खाने से ब्लड प्रेशर बढ़ता है?

नमक की अधिक खपत को हाई ब्लड प्रेशर का कारण माना जाता है। हालांकि, इसका असल प्रभाव उतना नहीं होता, जितना हम सभी सोचते हैं।

कई अध्ययनों के अनुसार, सामान्य मात्रा में नमक का सेवन करने से हाई ब्लड प्रेशर पर कोई खास असर नहीं पड़ता है।

अगर आप पहले से ही हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं तो अपने डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही नमक को डाइट में शामिल करें।

नमक के कारण शरीर में पानी रुकता है?

यह सच है कि नमक का सेवन करने से शरीर में पानी रुकता है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि आपको नमक बिलकुल नहीं खाना चाहिए।

दरअसल, पानी की रूकावट का कारण सिर्फ नमक नहीं होता। इसके अलावा, मौसम, शारीरिक गतिविधि और डाइट जैसे कई अन्य कारण भी होते हैं, जो इस परेशानी को बढ़ाते हैं।

इसलिए, संतुलित मात्रा में नमक खाएं और पौष्टिक डाइट भी अपनाएं। साथ ही, रोजाना एक्सरसाइज करने पर भी ध्यान दें।

नमक का सेवन करने से दिल की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ता है?

यह एक आम धारणा है कि नमक का अधिक सेवन करने से दिल की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

हालांकि, इसका कोई भी वैज्ञानिक आधार नहीं है और कई अध्ययनों ने इस बात को गलत साबित किया है।

सीमित मात्रा में नमक का सेवन करने से हृदय रोग का खतरा कम हो सकता है और आप स्वस्थ रह सकते हैं। इसलिए, बिना किसी डर के अपनी डाइट में नमक को शामिल करें, लेकिन इसकी अधिकता से बचें।

कितना नमक खाना है सुरक्षित?

इस बात का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं मिला है कि नमक खाने से ही हाई ब्लड प्रेशर की परेशानी बढ़ती है। हालांकि, अगर आप इसे अधिक मात्रा में लेंगे तो परेशानी बढ़ सकती है।

इसीलिए डॉक्टर से सलाह लें और उनके सुझाव का पालन करते हुए नमक की खपत को कम या ज्यादा करें। अगर आप पहले से ही हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं तो डॉक्टर से दवाएं ले लें।

# शरीर के लचीलेपन को बढ़ाना हो तो रोजाना करें नटराजासन, जानिए इससे जुड़ी महत्वपूर्ण बातें



नटराजासन एक ऐसा योगासन है, जो न केवल शरीर के लचीलापन और ताकत को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है।

इस योग आसन को करते समय ध्यान केंद्रित करना पड़ता है, जिससे तनाव कम होता है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर के विभिन्न हिस्सों में खिंचाव आता है और लचीलापन खुद-ब-खुद बढ़ जाता है।

आज हम आपको इस योगासन को करने का सही तरीका और इससे जुड़ी कुछ अहम बातें बताएंगे।

क्या होता है नटराजासन?

नटराजासन योगासन को डांसर पोज भी कहा जाता है। इसमें आपको एक पैर पर खड़े होकर दूसरे पैर को पीछे की ओर उठाना होता है।

इस दौरान हाथों से पैर के तलवे को पकड़ना पड़ता है और शरीर को संतुलित रखना होता है। यह आसन देखने में जितना सरल लगता है, उतना है नहीं।

इसे करने के लिए पहले थोड़ी तैयारी करनी पड़ती है, ताकि इसे करते समय किसी प्रकार की परेशानी न महसूस हो।

नटराजासन करने का सही तरीका

नटराजासन करने के लिए सबसे पहले जमीन पर मैट बिछाकर उसपर खड़े हो जाएं। अब दाएं पैर को पीछे की ओर उठाएं और बाएं हाथ से उसके तलवे को पकड़ें।

दाएं हाथ को आगे की ओर ला कर सीधा करें। इस अवस्था में आ कर शरीर का संतुलन बनाए रखने की कोशिश करें। कुछ सेकंड इसी मुद्रा में रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आ जाएं।

इसके बाद, इसी प्रक्रिया को दूसरे पैर से भी दोहराएं।

अभ्यास के दौरान बरतें ये सावधानियां

नटराजासन करने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। अगर आपको पीठ या पैर में दर्द रहता है तो इस आसन का अभ्यास न करें।

गर्भवती महिलाओं को भी यह योगासन नहीं करना चाहिए। अगर आपको उच्च रक्तचाप या सिरदर्द की समस्या है तो इस योगासन का अभ्यास करने से पहले डॉक्टर की सलाह लें।

बच्चों को भी यह आसन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, ज्यादा उम्र के लोगों को भी इसे करते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

नटराजासन के जरिए मिलने वाले फायदे

यह योगासन शरीर की संतुलन क्षमता को सुधारने में मदद करता है। इसके अभ्यास से पैरों, पीठ और कंधों की मांसपेशियों में मजबूती आती है और यह शरीर की लचक को भी बढ़ावा देता है।

नियमित रूप से इस योगासन का अभ्यास करने से मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। इससे शरीर में खून का प्रवाह भी अच्छा होता है और तनाव से राहत भी मिल जाती है।

## शब्द सामर्थ्य -010


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए, ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 009 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) थाना पाटन में रात्रि रोहित बर्मन उम्र 29 वर्ष निवासी बूढी कोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ड्रायवरी करता है अपने दोस्त सोनू दुबे, राज दुबे के साथ ग्राम कोनी कला में जैन मंदिर के पास श्रीराम पाल की लगुन में शामिल होने गया था रात लगभग 11-30 बजे आर्केस्टा बजाने की बात पर से प्रहलाद पाल उससे एवं सोनू से विवाद करते हुये गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो श्रीराम पाल एवं कम्मू पाल भी आ गये और तीनों लाठी डंडों से मारपीट करने लगे

**विश्व णमोकार महामंत्र दिवस- जबलपुर में 20000 लोगों ने किया सामूहिक योग, ध्यान, जाप, प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल जुड़कर दिलाए 9 संकल्प**

# विश्व णमोकार महामंत्र दिवस का श्रद्धा के साथ हुआ आयोजन










जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) के तत्वाधान में आज विश्व णमोकार महामंत्र दिवस का आस्था व श्रद्धा के साथ राइट टाउन स्टे डियम में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जैन संत, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अभिलाष पांडे, श्री रत?नेश सोनकर, गणमान्यश नागरिक सहित बड़ी तादात में श्रद्धालु मौजूद थे। विश्व णमोकार महामंत्र दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रम मोदी के लाइव टेलिकास्ट को सभी ने देखा व सुना। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा इस अवसर पर ब्लदड डोनेशन कैम्पस और स्वान?स्थ्रने शिविर का आयोजन भी किया गया। एमपी के जबलपुर में विश्व णमोकार महामंत्र दिवस का भव्य आयोजन ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ. यह आयोजन जबलपुर चैप्टर के तत्वावधान में पंडित रविशंकर शुक्ल राइट टाउन स्टेडियम में आयोजित किया गयाए जिसमें 20ए000 से अधिक लोगों ने एक साथ योग, ध्यान व णमोकार मंत्र का जाप किया.इस अवसर पर आचार्य समय सागर महाराज ने कहा कि शणमोकार मंत्र में अनंत परमेष्ठी का बोध होता है. यह मंत्र किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि समस्त सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु-साध्वियों की वंदना है. जाप से मन पवित्र होता है, भावनाएं निर्मल होती हैं. जीवन में सफलता प्राप्त होती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की और णमोकार मंत्र को विश्व स्तर पर



पहचान दिलाने की दिशा में इसे आध्यात्मिक क्रांति बताया. उन्होंने उपस्थित जनसमूह को 9 संकल्पों के रूप में आध्यात्मिक और सामाजिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 9 संकल्प-

-जल संवर्धन का संकल्प

-एक पेड़ मां के नाम

-स्वच्छता अभियान में भागीदारी

-टवबंस वित स्वबंस को अपनाना

-देश दर्शन को बढ़ावा देना

-प्राकृतिक खेती को अपनाना

-भारतीय जीवनशैली को अपनाना

-योग व खेल को जीवन में स्थान देना

-गरीबों की सहायता का संकल्प लेना

जबलपुर के अध्यक्ष राहुल बड़कुल एवं सचिव आशीष कोठारी ने बताया कि यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से ऐतिहासिक था. बल्कि इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल कराने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं. आयोजन का शुभारंभ प्रातः 6.30 बजे हुआ. इस आयोजन में मध्यप्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री शरद जैन, कमलेश अग्रवाल, विधायक अभिलाष पांडे, शिवा अग्रवाल, परिधि जैन, डॉ जितेन्द्र जामदार, अमरीश मिश्रा, रत्नेश सोनकर, कैलाश गुप्ता सहित हजारों गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर इस समारोह की भव्यता को और भी बढ़ाया. कार्यक्रम का संचालन संजीव चौधरी एवं अमित पडरिया सिद्धांत जैन ने किया. दयोदय स्थित प्रतिभास्थली की छात्राओं ने णमोकार पर योग प्रस्तुति की पतंजलि योगपीठ की प्रशिक्षण योग का प्रशिक्षण दिया. आयोजन को जैन समाज की विभिन्न संस्थाओं, दिगंबर जैन पंचायत सभा, श्वेतांबर जैन समाज, जैन नवयुवक सभा, दिगंबर जैन संरक्षण सभा का सहयोग प्राप्त हुआ. लेडीज विंग की अध्यक्ष विनीता बड़कुल व नीलिमा जैन ने बताया कि महिलाएं पीले या केसरिया वस्त्रों में तथा पुरुष सफेद परिधान में शामिल हुए. जिससे आयोजन में एक अनुपम आध्यात्मिक दृश्य उत्पन्न हुआ. यूथ विंग के अध्यक्ष मयंक सिंघाई व सचिव हर्ष सिंघई ने कहा कि संपूर्ण विश्व में हो रहे आयोजन में जबलपुर की सहभागिता अद्वितीय रही. यह निश्चित रूप से अंतरराष्ट्रीय पहचान स्थापित करेगा. णमोकार मंत्र सभी धर्मों के लिए समान रूप से कल्याणकारी माना जाता है. यह आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक मूल्यों को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने का माध्यम बनाए बल्कि जबलपुर को भी आध्यात्मिक मानचित्र पर एक नया स्थान दिलाने वाला सिद्ध हुआ.



## 14 अप्रैल डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती की तैयारी को लेकर अबाक्स की बैठक संपन्न

**एड तरुण रोहितास बने प्रांतीय सचिव**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ के तत्वाधान में आज सत्यमेव जयते परिसर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जयंती कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एक आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रकवि शिवनाथ चौधरी आलम साहब ने की इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेश चौधरी की उपस्थिति में सभी पदाधिकारियों ने अपने व्यापाक सुझाव रखें जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती समारोह को भव्य रूप में मनाने को लेकर जो भी तैयारी हैं उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए वहां की सभी आवश्यकताओं शीघ्रता से पूरा किया जाए चौराहे के आसपास पानी, बिजली, साफ सफाई,तथा गर्मी से बचाव के साधनों को पूरा किया जाए। बैठक में विस्तार से पदाधिकारियों ने अपने सुझाव रखें आज की इस बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष आदरणीय वरिष्ठ सदस्य शिवनाथ चौधरी आलम साहब ने एडवोकेट तरुण रोहिताश जी को आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ का प्रांतीय सचिव नियुक्त होने की घोषणा की उनकी नियुक्ति से पूरे संगठन के पदाधिकारी में हर्ष व्याप्त है।आज की इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेश चौधरी,,शिवनाथ चौधरी आलम साब,एड.तेज कुमार भगत,एड तरुण रोहितास,कमलेश धपोडकर, बी एल झरिया,शारदा पटेल,उमेश मेहरा,धर्मेद्र कुशवाहा, डॉ सत्येंद्र ब्यौहार,गिरीश धुर्वे शुभम चौधरी,जीवन जाटव,दीपक चौधरी,डेनियल इब्राहिम,संजय सेन,महेश अहिरवार,सी एल सिरसाट, राज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अजाक्स संघ नगर निगम के प्रयासों द्वारा महापौर एवं निममायुक्त ने कराया तहसीली चौक स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा का रंग रोगन एवं सीढ़ी का निर्माण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अजाक्स संघ के अध्यक्ष श्री अमित मेहरा के द्वारा दिनांक 25/03/2025 को माननीय महापौर महोदय श्री जगत बहादुर सिंह (अन्नू) जी, माननीय निगमाध्यक्ष महोदय श्री रिंकुज विज (रिंकू) जी, माननीय निगमायुक्त महोदया श्रीमति प्रीति यादव जी को ज्ञापन सौंपते हुये बताया गया कि तहसीली चौक में स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा में विगत् कई वर्षों से रंग रोगन एवं पुताई का कार्य नहीं किया गया है, जिसके कारण अंबेडकर जी की प्रतिमा पर काफी धूल जमने के कारण वह खराब हो रही है। साथ ही साथ अजाक्स संघ के अध्यक्ष द्वारा यह भी बताया गया कि प्रतिमा के समीप जाने हेतु एक तरफ सीढ़ी का प्रबंध किया गया है जिससे प्रतिमा के समीप आने जाने में काफी परेषानी का सामना करना पड़ता है और आगामी माह में श्री भीमराव अंबेडकर जी का 14 अप्रैल 2025 को 134 जन्मदिवस कार्यक्रम तहसीली चौक में आयोजित कराया जाना है। संघ द्वारा मांग की गई कि 14 अप्रैल



2025 के पूर्व तहसीली चौक में स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर सुनहरा रंग एवं प्रतिमा के समीप आने जाने हेतु दोनों तरफ से सीढ़ी की व्यवस्था करायी जावे। संघ की मांग को स्वीकारते हुये आयुक्त महोदया के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये उद्यान विभाग को आदेषित किया गया कि 14 अप्रैल 2025 से पूर्व तहसीली चौक में स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर सुनहरा रंग एवं प्रतिमा के समीप सीढ़ी की व्यवस्था करायी जावे। माननीय महापौर महोदय श्री जगत बहादुर सिंह (अन्नू) जी, माननीय निगमाध्यक्ष महोदय श्री रिंकुज विज (रिंकू) जी, माननीय निगमायुक्त महोदया श्रीमति प्रीति यादव जी को ज्ञापन प्रेषित करने हेतु अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, जगदीष नन्हेट, अचैया कोरी, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे, कालूराम सोलंकी, समीम भईजान, श्रीनिवासलू, सामियल, दयाराम ध्रुर्वे, कोयरी नायडू, रामू, जे. प्रवीण, महेन्द्र मलिक, सोनू श्रीवास, राममूर्ति, राहुल कोरी, सुनील सिगोटिया सहित अधिक संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## औद्योगिक आपदा प्रबंधन के लिए 17 अप्रैल को होगा मॉक एक्सयरसाईज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संयुक्तक कलेक्ट र श्रीमती शिवांगी जोशी ने बैठक कर कहा कि औद्योगिक आपदा प्रबंधन विषय पर 17 अप्रैल को बीपीसीएल परिसर शहपुरा भिटोनी में मॉक ड्रिल किया जायेगा। जिसमें कहा गया कि आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं क्षमता वृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में रासायनिक, औद्योगिक दुर्घटना के संबंध में मॉक एक्सारसाईज कर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंटने मॉक एक्स रसाईज की तैयारियों व रूप रेखा के संबंध में विस्?तृत निर्देश दिये। जिसमें कहा गया कि 15 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक उक्त क्षेत्र में मॉक एक्सशरसाईज में भाग लेने वाली सभी टीमों को अभ्याोस के संबंध में कहा गया कि इसमें आपदा पूर्व तैयारी, चेतावनी प्रसारण, खोज, बचाव व राहत कार्य आदि के संबंध में पूर्ण जानकारी हो। वे आपदा के समय आम तौर पर पाई जाने वाली कमियों को दूर करने के लिए प्रयास करें।

## सुपर सीडर से नरवाई प्रबंधन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा नरवाई प्रबंधन के लिए जागरुकता बढ़ाने के लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसके अंतर्गत आज विकासखंड सिहोरा के ग्राम भदम में कृषि विस्तार अधिकारी अदिति राजपूत ने लगभग 32 एकड़ में उड़द एवं 40 एकड़ में मूंग की बोनी सुपर सीडर से करवाई है। साथ ही इसी मौसम में 100 एकड़ क्षेत्र में सुपर सीडर से बोनी का लक्ष्य रखा गया है, जिसकी लगातार पूर्ति हो रही है। सुपर सीडर ऐसा नवीन कृषि यंत्र है जिसके माध्यम से गेहूं की फसल हार्वेस्टर से कटने के बाद पराली डंठल जो खेत में रह जाते हैं। सुपर सीडर के माध्यम से बारीक कटकर खेत की मिट्टी में मिल जाते हैं। सुपर सीडर में दो कम्पार्टमेंट वाला बाक्स होता है जिसमें एक बाक्स में उर्वरक एवं दूसरे बाक्स में बीज भरा होता है। सुपर सीडर बड़ी मशीन होने के कारण 55 एचपी से अधिक क्षमता के ट्रैक्टर से चलता है। इसमें खेतों में बिना जुताई-बखराई के सीधे पराली को काटकर मिट्टी में मिलाते हुए नीचे उर्वरक एवं उपर बीज की बोनी होती है। इस तरीके से बोनी करने पर बीज का अधिकतम अंकुरण होता है एवं उत्पादन 8-10त्न अधिक प्राप्त होता है।

विकासखंड सिहोरा के ग्राम भदम में कृषक श्री सुरेश पटेल के खेत पर सुपर सीडर के माध्यम से मूंग फसल की बोनी का जीवंत प्रदर्शन किया गया। साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा कृषक श्री विपिन तिवारी के खेत का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृषक द्वारा बताया गया कि, उन्होंने अपने खेत में लगभग 20 दिन पूर्व सुपर सीडर के माध्यम से उड़द फसल की बोनी की गई है।

## मुरैना मेडिकल राहत केम्प की कामयाबी से फिर सुर्खियों में विवेक तन्खा



तालिब हुसैन

मुरैना/ दिल्ली. चम्बल की बीहड़ों में सेवा की गंगा बहाना सबके बूते की बात नहीं है. लेकिन राज्यसभा सांसद व देश के नामवर वकील विवेक कृष्ण तन्खा ने रोटरी के माध्यम से मुरैना में मेडिकल राहत केम्प लगाकर यह बता दिया कि उनकी सेवा का दायरा बहुत व्यापक है, उसे क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं रखा जा सकता है. वैसे भी

**दिल्ली तक पहुंची शिविर की गूंज- मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी**


सांसद तन्खा के बारे में कहा जाता है कि उन्हें चुनौतीपूर्ण कार्य पसंद हैं और जो काम कोई ना करे उसे करने में वह ज्यादा रूचि रखते हैं. बहरेहाल मुरैना में हाल ही में सम्पन्न हुए आठ दिवसीय रोटरी मेडिकल राहत केम्प में जिस तरह से लोगों की भीड़ उमड़ी, और पूरे समय केम्प में सक्रिय रहकर सांसद तन्खा ने पीड़ित मानवता की सेवा की है, उससे हर जाति वर्ग में उनकी लोकप्रियता बढ़ी है. शिविर में सांसद तन्खा ने बच्चों के लिए जो दरियादिली दिखायी, उससे उनकी छबि में और निखार आया है. उन्होंने बिना किसी संकोच के इलाज के लिए आए मासूम बच्चों को गोद में उठाया, बुजुर्ग मरीजों को सहारा दिया, लोगों से बेहद आत्मीय ढंग से चर्चा कर उनकी बीमारी को जाना और मौके पर ही इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की. पूरे शिविर के दौरान कभी भी उन्होंने खुद को नेता के रूप में पेश नहीं किया बल्कि सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में ढाले रखा, इसका नतीजा यह हुआ कि देश भर से आए नामी गिरामी चिकित्सक और केम्प में सक्रिय हर रोटरी मेम्बर जी जान से मरीजों की सेवा में जुटे रहा. जिला प्रशासन के साथ ही हर सरकारी विभाग ने ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया परिणामस्वरूप राहत केम्प गरीब बेसहारा और जरूरतमंद मरीजों के लिए राहत की सौगात लेकर आया. सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके माहेश्वरी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित कई विशिष्ट जनों ने मुरैना पहुँच कर शिविर का अवलोकन किया, और व्यवस्थाओं की सराहना की. बहरेहाल मुरैना मेडिकल राहत केम्प की कामयाबी की चर्चा हर जुबां पर है, और सांसद विवेक सुर्खियों में हैं. इस शिविर के बाद वह ना सिर्फ उनकी लोकप्रियता बढ़ी है, बल्कि गरीबों के मसीहा के रूप में उनकी छवि निखरी है. भोपाल से दिल्ली तक शिविर में सांसद तन्खा की भूमिका को लेकर उनकी सराहना हो रही है. चर्चा है कि कांग्रेस हाईकमान विवेक तन्खा को कोई बड़ी जिम्मेदारी देकर उन्हें प्रोत्साहित कर सकती है. वैसे भी मध्यप्रदेश में विवेक कृष्ण तन्खा से कांग्रेस को बड़ी उम्मीदे हैं. वकील के रूप में जहाँ उनके पास राज्य में अधिवक्ताओं की बड़ी टीम है, वहीं रोटरी क्लब

से उनका चार दशकों पुराना नाता है, रोटरी टीम के सहयोग से ही वह इतने बड़े मेडिकल केम्प लगाते रहें हैं. तन्खा सहज, सरल, मिलनसार होने के साथ ही हर जाति, हर धर्म के लोगों में स्वीकार्य हैं. देश विदेश में उनकी साख है, बड़े उधोगपतियों से व्यक्तिगत सम्बंध हैं, देश के मीडिया में अच्छी पकड़ है, ईमानदार व साफ सुथरे नेता की छबि है, उनके पास काबलियत है, विकास का विज़न है और काम करने की ललक. ऐसे में बेहतर होगा कि कांग्रेस अगला विधानसभा चुनाव उन्हीं के नैतृत्व में लड़े. इसके लिए अघोषित रूप से उन्हें मुख्यमंत्री

केंडिडेट घोषित कर दे. निश्चित रूप से अगर कांग्रेस ऐसा करती है तो प्रदेश में कांग्रेस भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है.

भाजपा को सत्ता के शिखर तक पहुँचाने में महिलाओं की बड़ी भूमिका रही है, विवेक तन्खा को आगे कर कांग्रेस महिला वोटों पर भी सेंधमारी कर सकती है. वकालत और रोटरी के साथ ही अन्य फील्ड में भी सक्रिय महिलाओं की टीम सांसद विवेक तन्खा से सीधे सम्पर्क में है. यदि कांग्रेस उन्हें आगे कर चुनाव लड़ती है तो यकीनन आधी आबादी में भी कांग्रेस की स्वीकार्यता बढ़ेगी. बहरेहाल अब गेंद कांग्रेस हाईकमान के पाले में हैं.

(लेखक जबलपुर में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के फाउंडर टीवी जर्नलिस्टस हैं.)



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना मदनमहल में रात्रि श्रीमती रोशनी मेहता उम्र 45 वर्ष निवासी बगीचा नम्बर 93 गोराबजार ने रिपोर्ट्र दर्ज कराई कि वह महाकौशल अस्पताल राईट टाउन में आया का काम करती है सुबह लगभग 7-30 बजे वह अपने घर गोराबजार से आटो से नव भारत तिराहा पेट्रोल पम्प के पास उतरकर पैदल महाकौशल अस्पताल काम पर जा रही थी दाहिने कंधे में लेडिज बैग टांगी थी जैसे ही नव भारत तिराहा के आगे सरदार छोला भटूरा की दुकान के पास पहुँची तभी पीछे से मोटर सायकल में 2 लड़के जिनकी उम्र लगभग 17-18 वर्ष होगी

# बेटे ने जमीन में दफन पिता की लाश 30 दिन बाद निकलवाई, कहा हार्ट अटैक से ही नहीं हुई है मौत, हत्या की गई





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित ग्राम मेहगांव पौड़ी कुण्डम में एक युवक ने जमीन में दफन पिता भूरा सिंह की लाश 30 दिन बाद निकलवाई है. युवक का कहना है कि पिता की मौत हार्ट अटैक से नहीं हुई है. उनकी हत्या की गई है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा.

कुण्डम के मेहगांव निवासी भूरा सिंह उम्र 55 वर्ष अपने घर की बाड़ी में मकान बनाना चाहता रहा, लेकिन छोटा भाई रामसिंह उस हिस्से में अपना हक जता रहा था. इसी बात को लेकर दोनों के बीच 6 मार्च को झगड़ा हो गया था. इस दौरान परिजनों सहित आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिन्होने दोनों को अलग-अलग किया. कुछ देर बाद भूरासिंह जमीन पर गिर गए, उन्हे उठाकर शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया. जहांपर डाक्टरों ने जांच के बाद भूरासिंह को मृत घोषित कर दिया. इसके बाद परिजनों व गांव वालों ने भूरासिंह के शव को जमीन में दफना दिया.

परिजनों ने पिता भूरा सिंह की मौत की खबर मिलते ही बेटा मनोजसिंह को दी. दस दिन बाद गुजरात से वापस कुंडम लौटे मनोज सिंह ने जब गांव वालों से अपने पिता की मौत को लेकर लोगों से चर्चा की तो पता चला कि घटना के दिन उसके चाचा रामसिंह से पिता भूरासिंह का झगड़ा हुआ था. मनोज ने कुंडम थाना पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए चाचा रामसिंह को पिता भूरा सिंह की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया. उसने कहा कि उसके पिता कभी बीमार नहीं रहे हैं.

ऐसे में अचानक ही उन्हें हार्ट अटैक नहीं आ सकता है, उनकी हत्या की गई है. मनोज सिंह की शिकायत के बाद पुलिस ने एसडीएम से अनुमति मिलने के बाद आज प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में मेहगांव पौड़ी गांव की जमीन से मृत भूरा सिंह के शव को बाहर निकलवाया गया है. इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज में पहुंचाया गया. कुण्डम थाना पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि भूरा सिंह की मौत हार्ट अटैक से हुई है या फिर किसी ने उसकी हत्या की है. वहीं दूसरी ओर पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरु कर दी है.




# हास्पिटल में मरीज की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा, लापरवाही का आरोप लगाया

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में नेपियर टाउन स्थित आदित्य हास्पिटल में उस वक्त अफरातफरी मच गई. जब मंडला से आए एक मरीज की मौत पर परिजनों ने हंगामा करते हुए डाक्टर पर लापरवाही के आरोप लगाना शुरु किए. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी बल सहित मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को समझाइश देते हुए मामले को शांत कराया.

परिजनों का कहना था कि मंडला निवासी आशीष को तबियत खराब होने के कारण 4 अप्रेल को नेपियर टाउन स्थित आदित्य हास्पिटल में भरती कराया गया था. जहां पर डाक्टर पंकज असाठी की निगरानी में आशीष का इलाज किया जा रहा था. बीती रात ड्यूटी डाक्टर ने परिजनों को खबर दिए बिना पाइप साफ करने के लिए वेंटीलेटर निकाल दिया. तभी मरीज आशीष की मौत हो गई.

कुछ देर बाद ही परिजनों ने देखा तो पूछा कि बिना डाक्टर असाठी के वेंटीलेटर कैसे हटाया गया. इसी बात को लेकर डाक्टर निगम ने परिजनों के साथ अभद्रता शुरु कर दी, जिससे परिजन आक्रोशित हो गए, उन्होने अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए लापरवाही के आरोप लगाए. माहौल बिगड़ते देख पुलिस को खबर दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी. वहीं अस्पताल प्रबंधन को भी शांत कराया गया.

### खमरिया थाने का मामला, एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

# छात्रा को अश्लील मैसेज भेजता था 63 साल का प्रोफेसर, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । खमरिया पुलिस ने कॉलेज छात्रा को अश्लील मैसेज भेजने के मामले में ओएफके शासकीय कॉलेज के 63 वर्षीय प्रोफेसर अब्दुल करीम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस प्रकरण को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज में प्रदर्शन भी किया और आरोपी प्रोफेसर को बर्खास्त किए जाने की मांग की। पुलिस के अनुसार थाने पहुंची छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने टीचर अब्दुल करीम से असाइनमेंट के प्रश्न मांगे थे। इसी दौरान उसका मोबाइल नंबर टीचर के पास चला गया। टीचर ने उसे प्रश्न तो भेजे, लेकिन साथ ही अश्लील मैसेज भेजना शुरू कर दिया। छात्रा ने इस पर आपत्ति जताई और टीचर को मैसेज भेजने से मना किया लेकिन वह नहीं माना जिससे परेशान होकर छात्रा ने खमरिया थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। ऐसी मानसिकता वाले को करें बर्खास्त छात्रा को अश्लील मैसेज भेजे जाने की जानकारी लगने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान परिषद के आंचल मिश्रा ने कहा कि प्रोफेसर का पद गरिमापूर्ण होता है। इतने बड़े पद पर रहकर इतनी गंदी मानसिकता रखने वाले प्रोफेसर को बर्खास्त किया जाना चाहिए। 6 और छात्राओं से भी यही हरकत आंचल के अनुसार 6 और छात्राएं सामने आई हैं जिन्होंने बताया कि प्रोफेसर अब्दुल करीम उनके साथ भी इसी तरह की हरकतें करता था। जिससे काफी समय से छात्राएं परेशान थीं। साहस करके एक छात्रा खुलकर आगे आई और संगठन के पदाधिकारियों से उसने आप बीती बताई। छात्रों के प्रदर्शन के बाद एफआईआर दर्ज की गई। प्रदर्शनकारियों द्वारा आरोपी टीचर को बर्खास्त करने व पूरे कार्यकाल की जांच की मांग की गई है।

### मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना हनुमानताल मे शहराज खान उम्र 24 वर्ष निवासी नवाम्बे स्कूल के पास कटरा अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ई रिक्शा चलाता है दिनांक 7-4-25 को रात लगभग 9-30 बजे वह ई रिक्शा लेकर मोहरिया मरघटाई के पास पहुॅचा वहां फ्हीम मिला जो शराब पीने के लिये बोलने लगा, उसने शराब पीने से मना किया तो फ्हीम उससे शराब पीने के लिये 900 रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो फ्हीम चाकू से हमलाकर उसकी जांघ में चोट पहुॅचाते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# मेडिकल के हॉल में एसी ब्लास्ट से लगी आग दहशत में बाहर भागे डॉक्टर व पीजी स्टूडेंट्स



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल अस्पताल के मनोरोग विभाग के सेमिनार हॉल में मंगलवार दोपहर एसी में शॉर्ट सर्किट से ब्लास्ट हो गया, जिसके बाद हॉल में आग भड़क गई। बताया गया है कि जिस समय यह हादसा हुआ उस वक्त हॉल में कुछ पीजी स्टूडेंट्स और चिकित्सक मौजूद थे। एसी में ब्लास्ट का तेज धमाका सुनकर तत्काल हॉल में मौजूद लोग बाहर की तरफ भागे और सुरक्षित बच गए। हालांकि हाल में भरे धुएं के कारण एक सुरक्षा कर्मी अचेत हो गया। वहीं आग बुझाते समय एक फायर कर्मी भी घायल हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एसी में धमाका होने के बाद देखते ही देखते सेमिनार हॉल आग की लपटों और धुएं से घिर गया। हॉल से अचानक धुआं उठता देख वहां मौजूद लोग भागे और डॉक्टरों ने फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों ने अग्निशामक यंत्र से आग को बुझाने का प्रयास शुरू किया लेकिन तब तक हॉल की सीलिंग में आग भड़क चुकी थी और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मनोरोग विभाग के सेमिनार हॉल में एसी में हुए शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटना की जांच कराई जाएगी। - डॉ. नवनीत सक्सेना डीन, मेडिकल कॉलेज अस्पताल भीषण आग के बाद जलकर खाक हुईं सेमिनार हॉल में रखी सामग्री। खाक हो गया पूरा सामान हादसे की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आग को बुझाना शुरू किया लेकिन तब तक सेमिनार हॉल में रखा फर्नीचर, कुर्सियां, टेबल, बेंच, अलमारी, पंखा सहित हॉल की फाल्स सीलिंग और वहां रखा अन्य सारा सामान आग से खाक हो गया। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे पूरी तरह बुझा दिया। ओपीडी को तुरंत कराया शिफ्ट प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सेमिनार हॉल में जिस वक्त आग लगी उसी बिल्डिंग में नीचे ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज भी मौजूद थे। आग लगने की जानकारी लगते ही मरीजों को तत्काल दूसरी ओपीडी में शिफ्ट कराया और उनका उपचार किया गया। आग की घटना से कुछ देर के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रभावित हुई लेकिन आग पर काबू कर लिए जाने के बाद हालात फिर सामान्य हो गए। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने बताया कि जब वे हॉल के पास पहुंचे तो हॉल और गैलरी में धुआं भरा हुआ था। आग को बुझाने के लिए एक दरवाजे को तोड़ा गया और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझाया जा सका। आग को बुझाते समय एक फायर कर्मचारी भरत कोष्टा घायल हो गए। जब वे आग बुझा रहे थे तभी खिड़की का कांच टूटकर उनके ऊपर आ गिरा।

# थाना गोरखपुर, मदनमहल क्षेत्र में हुई 4 झपटमारी एवं 1 वाहन चोरी की घटना का खुलासा

### 1 आरोपी युवक तथा 2 विधिविवादित बालक जिनमें से एक विधिविवादित बालक बाल संप्रेक्षण ग्रह से चौकीदार से मारपीट कर भागा था, गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना गोरखपुर में दिनांक 7-4-25 को श्री खुशी गोटिया उम्र 25 वर्ष निवासी हाथीताल कालोनी गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 5-4-25 को अपनी मॉ प्रेमलता की एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेड सी 5052 से अपने मायके माण्डवा टेंडर 1 गयी थी मकान के सामने एक्सिस खडी कर दी थी रात मे वही सो गयी थी दिनॉक 6-4-25 की सुबह 7 बजे उठी तो देखा कि घर के बाहर खड़ी उसकी एक्सिस गायब थी। कोई अज्ञात चोर दरम्यिानी रात में उसकी एक्सि चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 267/2025 धारा 303(2) बीएनस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना क्रमांक 2- थाना गोरखपुर में दिनांक 7-4-25 को दोपहर में ऐश्वर्या रैकवार उम्र 25 वर्ष निवासी चित्रांश स्कूल के पास रामनगर रामुपर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आईटी पार्क बरगी हिल्स में काम करती है दिनांक 6-4-25 की शाम वह आई टी पार्क से पार्क से काम करके वापस घर आ रही थी शाम लगभग 7 बजे रास्ते में नयागांव हनुमान मंदिर के पास मोटर सायकल में 2 अज्ञात लड़के आये और उसके ब्राउन रंग का हेंड जो उसकी स्कूटी के सामने पैरदान मे रखा था झपट्टा मारकर उठा ले गये, बैग मे उसका वन प्लस कम्पनी मोबाइल कीमती लगभग 19 हजार का रखा था। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 266/2025 धारा 304(2) बीएनस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना क्रमांक 3- थाना गोरखपुर में दिनांक 7-4-25 को दोपहर में मोनिका मलिक उम्र 72 वर्ष निवासी महावीर कालोनी गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 6-4-25 की सुबह टहलने के लिये गयी थी सुबह लगभग 6-25 बजे काले रंग की बाईक में तीन लड़के जो अपना फेस कवर किये थे पीछे से आये और उसके कंधे में टंगे बैग के झपट्टा मारकर बैग लेकर भाग गये बैग में सेमसंग कम्पनी का ए 31 मोबाइल कीमती लगभग 20 हजार रूपये का एवं घर की चाबियां भी रखीं थीं

## भव्य शोभायात्रा सीताराम नाम प्रभात फेरी 11 को



जबलपुर/श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शुक्रवार,दिनांक 11अप्रैल 2025 को प्रात:7 बजे से श्री दुर्गा हनुमान मंदिर(सरस्वती कॉलोनी) से नगर के अनेक मंडलों के संयोजकत्व में भव्य शोभायात्रा सीताराम नाम संकीर्तन ध्वज प्रभात फेरी निकाली जावेगी जो कि सरस्वती कॉलोनी से शक्ति गार्डन से आदि विभिन्न मार्ग से भ्रमण करते हुये पुन: मंदिर प्रांगण पहुँचकर पूर्ण होगी ।संयोजन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा,राजेशशर्मा,नवीन नेमा,अरविंद गुप्ता, संदीप नेमा ,सुनील ताम्रकार ,नितिन दुबे,अंकित बहरे,अनिता गुप्ता, कीर्ति चौहान,प्रीति गुप्ता, संगीता ब्यौहार आदि ने समस्त धर्मानुरागी जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति हेतु अनुरोध किया है।

# राजराजेश्वरी माँ बूढ़ी खेरमाई का जवारा विसर्जन आज किया जाएगा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** राजेश्वरी धूमावती शक्तिपीठ की अधिष्ठात्री देवी बूढी खेरमाई का जवारा चल समारोह के रूप में 10 अप्रैल 2025 को शाम 6:00 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर मछरहाई, छोटा फुवारा, तमरहाई चौक, दीक्षितपुरा, पांडे चौक, खोभामंडी, सराफा, कोतवाली से होते हुए हनुमान ताल में विसर्जित होगा। मंदिर के व्यवस्थापक पंडित सौरभ दुबे ने बताया कि इस जवारा चल समारोह में कई हजार बाने, कलश, ज्योति, खप्पर और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ की उपस्थिति रहेगी।

21 फनी का बाना, अग्नि झूला, विशेष आकर्षण रहेगा। 1008 आरती का महासमूह और वाराणसी के 108 डमरू का समूह, बैंड और आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। जवारा चल समारोह में प्रबंधक पंडित रोहित दुबे, सचिव दिनेश राठौर, कोषाध्यक्ष ब्रजबिहारी नगरिया, दिलीप दुबे, सिद्धांत पाठक, प्रशांत गुप्ता, शेलेन्द्र नामदेव, विनायक महाराज, दीपक यादव, सावन नामदेव, रचित मिश्रा, बंटी नामदेव, यश नामदेव, तुषार आदि ने चल समारोह को आकर्षक बनाने की प्रार्थना की है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.

### लोककर्म विभाग

**निविदा आमंत्रण सूचना**

N.I.T. NO. / PWD/ 2024-25/04/45/ E - Tendering/PRO 34 Date 09/04/ 2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत ( लाख में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_ UAD 415535_1 09.04.2025 | संभाग क्रमांक-04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत कनक होटल के पास पुलिया एवं संदीप नेमा एवं प्रशांत जी के घर के सामने सी.सी.रोड निर्माण कार्य । (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>रू. 10.68 | 2000/-<br>8015/- | 08.05.2025 |
| 2 | 2025_ UAD 415535_2 09.04.2025 | संभाग क्रमांक-04 डॉ. जार्ज डिसिल्व वार्ड अंतर्गत पंचायती व्यायाम शाला का विस्तारीकरण हेतु हॉल, बाउण्ड्रीबॉल सिडी निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 06 माह<br>रू. 17.60 | 2000/-<br>13205/- | 08.05.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://.mptenders.gov.in में पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री ,संभाग क्रंमाक-04 नगर निगम जबलपुर**



## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 17 दिनांक 09.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री प्रतीक सिंह, माता-पुत्र- श्रीमती मालती सिंह, पिता-श्री छोटे लाल रखया** ने मकान नं. 399/1, 602/ए सम्पत्ति पिन नं. 1000618214 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड ,** क्षेत्रफल 1325 व.फु., भूतल 1000 व.फु., प्रथमतल 1000 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**



## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2025-26/ एम/719/ दिनांक 09.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुरेश कुमार काछी, पिता- स्व. श्री सुमेरी लाल काछी** ने मकान नं. 5200/116/2स पिन नं.1000459116 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल सीमेन्ट टीन 416 व.फु., **विक्रय अनुबंध पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 5200/116/2स पानी की टंकी के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**



## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2025-26/ एम/718/ दिनांक 09.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राजेन्द्र गुप्ता उर्फ राजू, पिता- स्व. श्री रामसेवक गुप्ता** ने मकान नं. 2871 पिन नं.1000469913 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 712 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 712 व.फु. किरायेदारी, **मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, तहसीलदार आदेश** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2871 रामसेवक गुप्ता के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**



स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999